आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 90 रांची, शुक्रवार, 13 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com





## संक्षिप्त

### कल खुला रहेगा सचिवालय अधिसूचना जारी

**रांची।** शनिवार (14-3-2026) को रांची में सचिवालय और संलग्न कार्यालय खुला रहेगा। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 14 मार्च को विधानसभा की बैठक निर्धारित है। विधानसभा से संबंधित कार्यों के मद्देनजर 14 मार्च को छुट्टी का दिन होने के बावजूद सचिवालय और संलग्न कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह खुला रहेगा।

### आरएन रवि ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ ली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को यहां लोकभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजय पाल ने शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी और वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह निर्धारित समय पूर्वाह्न 11:30 बजे शुरू हुआ। शपथ ग्रहण से पहले और बाद में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय गान जन गण मन प्रस्तुत किया गया। शपथ लेने के बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों से औपचारिक मुलाकात की।

### प्रधानमंत्री आज पीएम-किसान की 22वीं किस्त जारी करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के 9.32 करोड़ किसानों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 18,640 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है। इस योजना से 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसान भी लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न अध्ययनों से यह सामने आया है कि इस प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता से किसानों के कृषि निवेश में वृद्धि हुई है और साहूकारों पर उनकी निर्भरता कम हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

**कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों पर लगी मुहर, डालटनगंज स्टेशन का नाम बदला**

# छात्राओं को मिलेगा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ

**रांची वीमेंस कॉलेज हॉस्टल मोरहाबादी में बनेगा**

**आउटसोर्सिंग कर्मी करेंगे जनगणना**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सभी इंजनीयरिंग और पॉलिटेक्निक सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं में पढ़ रहीं छात्राओं को अब मानकी मुंडा छात्रवत्ति योजना का लाभ मिल सकेगा। यह निर्णय गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी।
उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ पूर्व में झारखंड प्रोद्योगिकी संस्थांन, रांची में पढ रहे छात्राओं को दिया जा रहा था। लेकिन अब नियमों में संशोधन करते हुए राज्ये के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ रही छात्राओं को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति के आवेदन की प्रक्रिया में भी सरलीकरण किया गया है। कैबिनेट की बैठक में कुल 40 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। राज्य के पलामू जिला मुख्यालय स्थित डालनगंज स्टेशन का नाम बदलकर अब आधिकारिक रूप से मेदिनीनगर स्टेशन कर दिया गया है।




### बच्चों की देखभाल के लिए महिला कर्मियों को अवकाश

**कैबिनेट** ने राज्य की महिला कर्मचारियों के लिए अब अवकाश के नियम और भी बेहतर करते हुए 02 साल के कुल अवकाश में से पहले साल 100 प्रतिशत वेतन और दूसरे साल 80 प्रतिशत वेतन देने का निर्णय लिया है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- ✔ विधायक और पूर्व विधायकों को भारतीय प्रशासनिक सेवा और पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों की तरह उनके और उनके परिजनों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की कैबिनेट से मंजूरी दी गई।
- ✔ गोड्डा में एक नए महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के निर्माण के लिए 88 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।
- ✔ सारठ स्थित महिला विद्यालय को अब पूर्ण रूप से डिग्री कॉलेज में परिवर्तित कर दिया गया है।
- ✔ रांची विमेंस कॉलेज के प्रस्तावित छात्रावास के स्थल में परिवर्तन किया गया है, अब यह छात्रावास मोराबादी में बनाया जाएगा।
- ✔ नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के राज्य के कैडेट्स के दैनिक नाश्ते की राशि में बढ़ोतरी की गई है।
- ✔ राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और राजस्व जुटाने के लिए झारखंड सिटी टूरिस्ट टैक्स रूल्स को मंजूरी दी गई है। अब राज्य के होटलों में ठहरने वाले पर्यटकों को टैक्स देना होगा।

# लोकसभा में एलपीजी को लेकर जोरदार हंगामा राहुल गांधी और पेट्रोलियम मंत्री आमने-सामने

**हरदीप पुरी बोले- देश में गैस की कमी नहीं**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को एलपीजी संकट को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में गैस सिलेंडर की कथित कमी और ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा उठाया, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने राहुल गांधी को नोटिस में दिए गए विषय तक सीमित रहने को कहा।
सदन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, कि देश में एलपीजी संकट की स्थिति बनती दिख रही है। उन्होंने कहा, अभी तो दर्द की शुरूआत हुई है। कई रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं और एलपीजी को लेकर लोगों में घबराहट है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी देश की मजबूत नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यदि अमेरिका यह तय करे कि भारत रूस से तेल या गैस खरीद सकता है या नहीं, तो यह स्थिति समझ से परे है। इसी दौरान उन्होंने एक अन्य विवादित मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि तेल मंत्री खुद किसी समय एपस्टीन को अपना दोस्त बता चुके हैं। इस टिप्पणी के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

### होर्मुज स्ट्रेट से गुजर कर मुंबई बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंचा कच्चा तेल से भरा जहाज

**पश्चिम** एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर एक बड़ा जहाज सुरक्षित मुंबई पोर्ट पर पहुंच गया है। इस जहाज में लगभग 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) लाया गया है। यह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरकर भारत पहुंचने वाला पहला बड़ा क्रूड टैंकर है। ये जहाज उस समय भारत पहुंचा है, जब अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान के साथ युद्ध में समुद्री रास्तों पर खतरा बढ़ गया है। मुंबई पोर्ट अर्थॉरिटी के डिप्टी कंजर्वेटर प्रवीन सिंह ने बताया कि लाइबेरिया ध्वज वाला शेनलॉन्ग नाम का सुएजमैक्स ये जहाज 1,35,335 मीट्रिक टन से अधिक सऊदी क्रूड ऑयल लेकर बुधवार को दोपहर 1 बजे मुंबई बंदरगाह पर पहुंचा है।

## लातेहार कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**पुलिस डॉग स्क्वाड टीम के साथ कोर्ट परिसर में सघन सर्च अभियान चलाया**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लातेहार।** लातेहार व्यवहार न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की ईमेल के माध्यम से धमकी मिली है। सूचना मिलने पर गुरुवार को लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस डॉग स्क्वाड टीम के साथ कोर्ट परिसर में सघन सर्च अभियान चलाया गया।
इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस ने पूरे परिसर की गहन तलाशी ली और स्थिति सामान्य बताई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी डीजीपी की नियुक्ति पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में कार्यकारी या प्रभारी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। साथ ही सभी राज्यों को एक महीने के भीतर नियमित पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए न्यायालय द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया है। यह आदेश प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामला की सुनवाई के दौरान दिया गया। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण समेत अन्य पक्षों ने न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन कर राज्यों द्वारा कार्यकारी डीजीपी की नियुक्ति किए जाने का मुद्दा उठाया।

## झारखंड में उद्यानिकी विकास को मिलेगा बढ़ावा

**मुख्यमंत्री की उपस्थिति में समझौता**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में उद्यान निदेशालय, झारखंड और भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास, विस्तार, अनुसंधान और सेवाओं को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते से राज्य में फल, सब्जी, सजावटी, औषधीय और मशरूम जैसी बागवानी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही किसानों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और अनुसंधान आधारित सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होने की संभावना है। इस समझौते के माध्यम से बागवानी क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार तथा किसानों को बेहतर बाजार अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे राज्य में बागवानी आधारित कृषि को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## देश की खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2 फीसदी के स्तर पर आई

**नई दिल्ली।** फरवरी महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि जनवरी महीने में यह 2.74 फीसदी के स्तर पर रही थी। महंगाई के यह आंकड़े आधार वर्ष 2024 वाली नई श्रृंखला पर आधारित हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों में बताया कि खुदरा महंगाई दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य, पेय पदार्थ, और ईंधन की कीमतों में तेजी के कारण आई है, जो 2024 आधार वर्ष वाली नई श्रृंखला के तहत दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.37 फीसदी रही है, जो कि जनवरी महीने में 2.73 फीसदी थी।

## एसीबी ने 15 हजार रिश्वत लेते दारोगा को किया गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**कोडरमा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को कोडरमा जिले के चंदवारा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर पवन कुमार राम को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित दरोगा एक मामले में मदद करने के एवज में 15 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार नकली शराब के एक मामले कई लोग आरोपित बनाये गए थे। इस मामले में उक्त दारोगा बड़ी रकम की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत विधायक जयराम महतो तक पहुंची। उन्होंने स्थानीय प्रेम नायक को मामले को देखने को कहा। चंदवारा निवासी प्रेम चंद्र नायक ने मामले में अभियुक्तों से मुकदमा लड़ने का पावर लिया। वहीं रिश्वत मांगे जाने की हजारीबाग एसीबी से शिकायत दर्ज कराई । शिकायतकर्ता का आरोप था कि सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार राम उक्त मामले को रफा-दफा करने या उसमें राहत देने के नाम पर एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे थे।

## इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का स्टेटस तय नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कोई उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर में आता है या नॉन-क्रीमी लेयर में यह सिर्फ आमदनी के आधार पर तय नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ इनकम ब्रैकेट के आधार पर क्रीमी लेयर का स्टेटस तय करना, पोस्ट की कैटेगरी और स्टेटस पैरामीटर का जिक्र किए बिना, कानून में साफ तौर पर टिकने लायक नहीं है। बता दें क्रीमी लेयर में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के ज्यादा अमीर और सामाजिक रूप से आगे रहने वाले सदस्य आते हैं जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के दायर से बाहर रखा गया है। यह नियम इंद्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस के बाद आया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को सही ठहराया था, लेकिन अमीर तबकों को बाहर रखने का आदेश दिया था। बाद में सरकार ने ऐसे समूहों की पहचान करने के लिए 1993 में नियम बनाए। अभी, सालाना 8 लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाला ओबीसी परिवार आम तौर पर क्रीमी लेयर का हिस्सा माना जाता है और आरक्षण पाने के अयोग्य हो जाता है। इस नियम का मकसद यह तय करना है कि कोटा मुख्य रूप से गरीब और ज्यादा पिछड़े ओबीसी समुदायों की मदद करे। इस कैटेगरी में ऊंचे संवैधानिक पदों, सीनियर सरकारी पदों, ऊंचे पदों पर काम करने वाले लोगों, या अच्छी-खासी प्रॉपर्टी और बिजनेस इनकम वाले लोगों के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं।

**एलपीजी संकट पर पीएम मोदी की अपील**

## शांति बनाए रखें और पैनिक न करें

**कोरोना महामारी के दौर का उदाहरण देकर कहा - इस संकट से उबर जाएंगे**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी सप्लाई को लेकर फैली अफवाहों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से शांति बनाए रखने और पैनिक न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, लेकिन हमारी सरकार संकट से निपटने में सक्षम है। पीएम मोदी ने तमिलनाडु में एनडीए की मीटिंग के दौरान सभी से सही जानकारी साझा करने और बिना पुष्टि के अफवाहें न फैलाने का आग्रह किया। वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एलपीजी सप्लाई पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाए हैं। मंत्रालय का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पहले की तरह जारी है और पैनिक खरीद से स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में जिला प्रशासन लोगों को अफवाहों से बचने की सलाह दे रहा है।

# सदन की मर्यादा और परंपराओं को बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : ओम बिरला

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बुधवार को ध्वनिमत से खारिज होने के बाद गुरुवार को अध्यक्ष के आसन पर बैठे। बिरला ने कहा कि भारत के संसदीय इतिहास में तीसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर संकल्प आया और इस पर दो दिनों तक 12 घंटे से अधिक चर्चा हुई। उनका हमेशा प्रयास रहा है कि सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार व्यक्त कर सके और सभी को पर्याप्त अवसर मिले। बिरला ने कहा कि यह सदन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बने। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 में अध्यक्ष के निर्वाचन का प्रावधान है और इस पावन सदन ने उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद का दायित्व दिया। उनका प्रयास रहा है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन और संतुलन के साथ संचालित हो। दस फरवरी को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था और उन्होंने अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण के साथ ही सदन की कार्यवाही से स्वयं को अलग कर लिया था।
उन्होंने कहा कि इस चर्चा के दौरान अनेक विचार, दृष्टिकोण और भावनाएं सामने आईं और उन्होंने सभी को गंभीरता से सुना। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बिरला ने स्पष्ट किया कि कुछ सदस्यों का मानना था कि प्रतिपक्ष के नेता सदन से ऊपर उठकर किसी भी विषय पर बोल सकते हैं, लेकिन यह किसी को विशेष अधिकार नहीं है। सदन नियमों से चलता है और ये नियम न सरकार ने बनाए हैं, न प्रतिपक्ष ने, बल्कि सदन ने बनाए हैं और सभी सदस्यों पर समान रूप से लागू होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री या मंत्रीगण भी यदि सदन में वक्तव्य देना चाहते हैं तो नियम 372 के तहत अध्यक्ष से अनुमति लेनी होती है। किसी सदस्य को नियमों से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने संसदीय परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1957 में जब अटल बिहारी वाजपेयी ने जम्मू-कश्मीर से संबंधित कुछ फोटो सदन में रखने चाहे तो स्पीकर ने पहले उन्हें दिखाने का निर्देश दिया और अटल जी ने उसका सम्मान किया। उन्होंने 1958 में भी कई उदाहरण हैं जब बिना स्पीकर की अनुमति दस्तावेज सदन में नहीं रखे गए।

### लोस अध्यक्ष ने राहुल गांधी को दी सदन की गरिमा बनाए रखने की नसीहत

लोकसभा में एलपीजी सिलेंडर संकट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने की नसीहत दी। राहुल गांधी ने इस विषय पर बोलने के लिए नोटिस दिया था और अध्यक्ष ने उन्हें अनुमति भी दी थी। उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा सुरक्षा पर बोलना शुरू किया, लेकिन बीच में एप्सटीन और जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाने पर अध्यक्ष ने उन्हें रोक दिया। बिरला ने कहा कि राहुल गांधी ने गैस संकट और ऊर्जा सुरक्षा पर बोलने का नोटिस दिया था और अनुमति भी उसी विषय पर दी गई थी। यदि उन्हें किसी अन्य मुद्दे पर बोलना था तो पहले से नोटिस देना चाहिए था। विपक्ष का जिम्मेदार नेता होने के बावजूद बिना नोटिस के दूसरे मुद्दों पर चर्चा करना संसद की प्रक्रिया और नियमों के अनुरूप नहीं है। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि संसद नियमों और प्रक्रियाओं के हिसाब से चलेगी और सभी को इसका पालन करना होगा। सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करना अनिवार्य है। संसद इस तरह से नहीं चलेगी, बल्कि नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**कुल 120 सांसदों ने किया हस्ताक्षर**

**विपक्षी अभियान की अगुवाई टीएमसी सांसद कर रहे**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष बड़ी तैयारी में लगा हुआ है। दोनों सदनों के विपक्षी सांसद इस मामले में एकजुट हैं। महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के करीब 120 सांसद और राज्यसभा के 60 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। बताया जा रहा है कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी अभियान की अगुवाई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद कर रहे हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले राज्य में एसआईआर की



प्रक्रिया को लेकर सीएम ममता बनर्जी चुनाव आयुक्त कुमार के खिलाफ मुखर भी है। विपक्ष एक के नेता ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि नोटिस की दो अलग-अलग कॉपी शुक्रवार तक लोकसभा और राज्यसभा में जमा होगी। विपक्षी पार्टियां कुमार के खिलाफ सात खास आरोप लिस्ट तैयार करेंगी, जिसमें भेदभावपूर्ण व्यवहार, इलेक्शन फ्रॉड की जांच में जानबूझकर रुकावट डालना और एसआईआर के जरिए बड़े पैमाने पर लोगों को वोट डालने के अधिकार से वंचित करना शामिल है।

# वार्ड पार्षद के तीन संतान होने पर सदस्यता रद्द करने की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद का चुनाव संपन्न हो चुका है। वार्ड नंबर 11 के वार्ड पार्षद की तीन संतान होने के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में हैं। विजयी उम्मीदवार फरहत अनीस की सदस्यता रद्द करने की मांग हारे हुए कई उम्मीदवारों ने रखी है। इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुआ। मिलन मैरेज हॉल नईसराय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में वार्ड 11 के कई हारे हुए प्रत्याशियों का जमावड़ा लगा था। इस दौरान कहा गया कि वार्ड नंबर 11 के वार्ड पार्षद फरतहत अनीस चुनाव के दौरान गर्भवती थीं। मतगणना खत्म होने के बाद 6 मार्च को उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया। इस प्रेगनेंसी को फरहत अनीस के द्वारा छुपाया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार तीन बच्चों वाला व्यक्ति चुनाव लड़ने के योग्य नहीं था। अब विजेता घोषित फरहत अनीस को 3 संतानें हो गई है। इसलिए उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहीदुन निशा, अनीस अंजुम, पिंकी कुमारी, रीता देवी, तलत नाज, शाहजहां परवीन, नूरजहां ने संयुक्त रूप से कहा कि जिला निर्वाचन नगर परिषद कार्यालय एवं रामगढ़ उपायुक्त को नगर परिषद चुनाव 11 नंबर वार्ड के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें कहा गया है कि झारखंड नगर परिषद अधिनियम 2011 की धारा 18 के अनुसार गलत है। इस तरह चुनाव में महाराष्ट्र सहित कई अन्य जगहों पर हुआ है जिसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी चुनाव को रद्द कर दिया है। झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 18 का उल्लघन करने पर वार्ड पार्षद-11 (मनुवा) के जीते हुए उम्मीदवार फरहत अनीस का चुनाव रद्द करने के सम्बंध में आवेदन दिया गया है। झारखंड सरकार की ओर से झारखंड नगरपलिका अधिनियम 2011 की धारा 18 के अनुसार यदि 2 फरवरी 2013 के बाद किसी भी उम्मीदवार की तीसरी सत्तान का जन्म हुआ है तो उसे नगर निगम चुनाव के लिए अयोग्य माना जाएगा। यह झारखंड नगरपलिका अधिनियम 2011 कि धारा 18 के अनुसार उसे अयोग्य किया जा सकता है।

# ग्रामीण पर्यटन कर्मियों को ईपीएफ और बीमा का लाभ दे सरकार : राम सूर्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने गुरुवार को विधानसभा में झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नियुक्त ग्रामीण कर्मियों को इपीएफ और बीमा सहित अन्य लाभ दिलाने की मांग की। विधानसभा में राम सूर्या मुंडा ने कहा कि झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से नियुक्त ग्रामीण कर्मियों को ना तो भविष्य निधि की सुविधा मिलती है और ना ही उन्हें बीमा का लाभ दिया जाता है। यहां तक की किसी पर्यटन मित्र की मृत्यु होने पर भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता। उनके आश्रितों को भी नौकरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि यह पर्यटन कर्मी राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों की साफ सफाई, सुरक्षा, कटिंग, पार्किंग से लेकर अन्य सुविधाएं सैलानियों को उपलब्ध कराते हैं, लेकिन इसके एवज में उन्हें कोई अस्थाई लाभ नहीं मिलता। विधायक ने सरकार से मांग की कि इन ग्रामीण पर्यटन कर्मियों को कर्मचारी भविष्य निधि, बीमा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## संक्षिप्त

### जनगणना के लिए अधिकारियों और सहायकों को दी गई ट्रेनिंग

**रामगढ़।** भारत की जनगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से जिला चार्ज अधिकारियों और तकनीकी सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 10 से 12 मार्च तक उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के सभा कक्ष में डीडीसी आशीष अग्रवाल और एसपी कुमारी गीतांजलि की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, डाटा संकलन की विधि, तकनीकी उपकरणों के उपयोग और कार्यों के सुचारू संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए इसे पूरी जिम्मेदारी और सटीकता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने जनगणना कार्य के विभिन्न चरणों, ऑनलाइन डेटा एंट्री, तकनीकी समस्याओं के समाधान और मैदानी स्तर पर होने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए चार्ज अधिकारी और तकनीकी सहायक उपस्थित थे। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

### जेएलकेएम ने बुरूडीह में चलाया सदस्यता अभियान

**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड के मारंगहदा स्थित दाड़ीगुटु पंचायत के अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र बुरूडीह गांव में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने अपने गांव के मनरेगा संबंधित अन्य मांगों और समस्याओं पर पार्टी का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि विधायक जयराम महतो किसी एक व्यक्ति के नहीं है, बल्कि पूरे झारखंड की आवाज हैं। उन्होंने कहा कि जयराम जिस तरह से विधानसभा में झारखंड की समस्याएं रखते हैं।

# पेयजल समस्या होने पर लोग विभाग को तुरंत करें शिकायत : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी की ओर से विभिन्न प्रखंडों के लिए संपर्क व्यवस्था जारी की गई है, ताकि पेयजल योजनाओं में आने वाली तकनीकी खराबियों का जल्द निवारण किया जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित नलकूप, लघु और वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं में किसी प्रकार की खराबी आने पर संबंधित प्रखंड के कनीय अभियंताओं से सीधे संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इससे मरम्मत कार्य तेजी से कर पेयजल आपूर्ति को सुचारु रखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय में कार्य दिवसों पर सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक नियंत्रण कक्ष भी संचालित किया जा रहा है। यहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए नकल मुंडा (मो. 8507124577), राजेश कुमार मुंडा (मो. 9304500296) और मो शौकत अख्तर (मो. 7004124058) से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा प्रखंडवार कनीय अभियंताओं से भी सीधे संपर्क किया जा सकता है। इनमें खूंटी (ग्रामीण) प्रखंड के पंडित कुमार महतो (मो 9934173014), अड़की प्रखंड के जीतमोहन सिंह मुंडा (मो 8210634202), मुरहू प्रखंड के ऋषि राज (मो 9163606099), कर्रा प्रखंड के राकेश कुमार यादव (मो 9546268147), तोरपा प्रखंड के आशीष खलखो (मो 8210147568) और रनियां प्रखंड के विजय कुमार मंडल (मो 9431948355) शामिल हैं। शिकायतों के समन्वय और निगरानी के लिए अश्विनी कुमार हेम्ब्रम (मो 6207899686) को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। मौके पर उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील किया कि पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित कनीय अभियंता, नियंत्रण कक्ष या विभागीय टोल फ्री नंबर 18003456502 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

### दुलमी गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात



**राहे ।** प्रखंड क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत अंतर्गत दुलमी गांव में बुधवार रात फुललू कोइरी, राजेंद्र मेहता के खेत में लगे सब्जी फसल को मन भर खाया ओर रौंद दिया है। पंचायत के किसान इन दिनों हाथियों के उत्पात से काफी परेशान है। जंगली हाथी प्रतिदिन रात में गांव में घूस कर किसानों के खेतों में लगी सब्जी की फसल को बर्बाद कर रहे है। किसान राजेंद्र मेहता ने बताया कि हाथियों के द्वारा प्रतिदिन सब्जी की फसल नुकसान किया जाता है। इसकी लिखित सूचना वन विभाग को दिया गया लेकिन वन विभाग कोई पहल नहीं करता। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथी भागने के लिए टीम बनाया गया है।

### इटकी में 22 मार्च को निकाली जायेगी विशाल सरहुल शोभायात्रा

**इटकी।** इटकी में बारह पड़हा की अगुवाई में 22 मार्च को सरहुल पूजा की विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। केन्द्रीय सरना समिति के संरक्षक भोला उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय ली गई। 21 मार्च को परंपरागत रूप से सरहुल पूजा अर्चना की जायेगी। सरहूल पूजा महोत्सव को सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष बीरा उरांव, उपाध्यक्ष हरिया उरांव, सचिव सूरज उरांव, कोषाध्यक्ष अजय उरांव और ग्यारह कार्यकारणी सदस्य चुने गये।


### त्योहार को लेकर इटकी बाजार गुलजार देर रात तक दुकानों में लगती है भीड़



**इटकी।** इटकी में ईद त्योहार को लेकर बाजार गुलजार हो उठा है। देर रात तक व्यवसायीक प्रतिष्ठानों में जरूरत की खरीदारी के लिए लोगों भीड़ लगी रहती है। खाश कर महिलाओं की अत्याधिक भीड़ दुकानों में देखी जा सकता है। क्षेत्र के वस्त्रालय, मनिहारी, जुता चप्पल, ब्रेकरी और सेवइ दुकान ग्राहकों के लिए सज गये है।इन दुकानों में लोगों की अधिक भीड़ लग रही है। बाजार में कई प्रकार के सेवई और बकर खानी उपलब्ध है। बाजार परिसर में राउलकेला सेवई 160, गया सेवई 160, नैनो 140, स्पेशल सेवई 200 ,आतं लक्षा सेवई 160, हल्दी राम 170, देहाती 100, प्रतिकिलो बिक रहा है। वही सूखा नारियल 500, किसमिस 500, छोहाड़ा 200, काजू 900, गोटा चेरी 300 और कटिंग चेरी 200 प्रति किलो भाव से बेची जा रही है जबकि मुरादावादी बकरखानी 80 रुपया प्रतिपीस, केयास बकरखानी 120, गया बकरखानी 150, फ्रुटकेक दस रुपये लेकर सौ रुपया और पकौड़ी विस्कीट 10 रुपया पीस दर से बिक्री की जा रही है।

# पिपरवार ट्रक मालिकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन अशोका पिपरवार के बैनर तले वर्ष 2017-18 के तय भाड़ा और नगद भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर जारी हड़ताल गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। दर्जनों ट्रक मालिक अशोका गोलंबर के समीप शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहे। ट्रक मालिकों ने अपने भाड़ा भुगतान और अन्य मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और लिफ्टर व डीओ होल्डर की मनमानी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017, 18 में तय किए गए भाड़े का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, जिससे उन्हें संचालन में गंभीर परेशानी हो रही है। ट्रक मालिकों ने बताया कि डीजल, टायर, स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होने से उनका काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित कोयला व्यवसाय, डीओ होल्डर, लिफ्टर और स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ट्रक ऑनरों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया भाड़ा भुगतान नहीं किया जाता और भाड़ा दरों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों पर जल्द पहल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# शबे कद्र हजारों महीना से बेहतर रात, इबादत का खास मौका

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मांडर।** रांची जिले के मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि पवित्र रमजान का महीना अब अपने आखिरी अशरे की ओर बढ़ रहा है। रमजान के इस अंतिम दस दिनों की रातें बहुत ही बरकत और रहमत वाली होती हैं। इन रातों में खास तौर पर अल्लाह की इबादत, नमाज और कुरआन की तिलावत अधिक से अधिक करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आखिरी अशरे की 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं रातों में से किसी एक रात शबे कद्र होती है, जिसे हजारों महीनों से बेहतर बताया गया है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि इन सभी रातों को इबादत में गुजारें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें। शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि अल्लाह की बेशकीमती किताब कुरआन शरीफ भी इसी मुबारक अशरे में हमारे प्यारे नबी हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर नाजिल की गई थी।

# प्रख्यात साहित्यकार डॉ. शकुंतला मिश्र को मिलेगा पद्मश्री गिरधारी राम गौंझू स्मृति सम्मान-2026

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पिठोरिया।** हिंदी, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा-संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए समर्पित संस्था 'झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति' ने वर्ष 2026 के अपने प्रतिष्ठित स्मृति सम्मानों की घोषणा कर दी है। समिति ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'पद्मश्री डॉक्टर गिरधारी रामगंज जो स्मृति सम्मान-2026' प्रख्यात नागपुरी लेखिका, समीक्षक, उपन्यासकार डॉ. शकुंतला मिश्र को देने का निर्णय लिया है। चयन एवं निर्णय समिति की निर्णायक मंडली ने सर्वसम्मति से डॉ. मिश्र के नाम पर मुहर लगाई। निर्णायक मंडली में शिरोमणि महतो (अध्यक्ष), नीरज नीर (सचिव) और विनोद राज थे। समिति के अनुसार, डॉ. मिश्र ने साहित्य सृजन और अकादमिक गतिविधियों के माध्यम से नागपुरी भाषा को समृद्ध करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उनके दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए मार्च में आयोजित होने वाले एक भव्य समारोह में उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। कौन हैं डॉ. शकुंतला मिश्र झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत कदमटोली में जन्मी डॉ. शकुंतला मिश्र के पिता स्व.



जोगेश्वर मिश्र एवं माता श्रीमती जगतारिणी मिश्र हैं। बचपन से ही साहित्यिक वातावरण में पली-बढ़ीं डॉ. मिश्र की मातृभाषा नागपुरी रही है, जिसके प्रति उनके मन में विशेष अनुराग रहा। उन्होंने ऐसे समय में नागपुरी भाषा को अपनी उच्च शिक्षा का माध्यम बनाया, जब इस भाषा में अध्ययन के अवसर सीमित थे। उन्होंने नागपुरी में स्नातकोत्तर (एम.ए.), एम.फिल, बी.एड और पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

व्यावसायिक एवं साहित्यिक सफर डॉ. मिश्र ने अपने करियर की शुरूआत एक विज्ञान शिक्षिका के रूप में की। तत्पश्चात उन्होंने लोहरदगा के बलदेव साहू महाविद्यालय में अध्यापन किया। इसके बाद वे आकाशवाणी, रांची में वरिष्ठ उद्घोषिका के पद पर रहीं, जहां उन्होंने नागपुरी और हिंदी भाषा के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्तमान में वे 'झारखंड झरोखा' प्रकाशन की निदेशक हैं, जहां उनके निर्देशन में 400 से अधिक क्षेत्रीय व जनजातीय भाषाओं की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

डॉ. मिश्र नागपुरी भाषा परिषद की महासचिव नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच की संस्थापक सचिव हैं। उन्होंने आकाशवाणी रांची में 31 वर्षों की लंबी अवधि तक नागपुरी एवं हिन्दी वरिष्ठ उद्घोषिका के रूप में सेवा दी है। प्रमुख कृतियां और साहित्यिक अवदान डॉ. मिश्र की अब तक 40 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

### तीन वर्ष पूर्व लगा शौचालय नहीं हो सका चालू

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कोकोराना गांव में भारतीय स्टेट बैंक के समीप दो शौचालय का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्व ही किया गया है ।लेकिन आज तक इसे चालू नहीं किया गया है। शौचालय के ऊपर दो पानी टंकी लगाया गया लेकिन पानी का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। यह शौचालय किस योजना के तहत बनवाया गया है किसी को पता नहीं है। दूसरी तरफ बैंक में पहुंचने वाले ग्रामीण ग्राहक शौच अथवा लघु शंका के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। वहीं बैंक प्रबंधन की ओर से भी कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। जिससे कम से कम महिला ग्राहकों को सुविधा हो। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इसे प्रारंभ करने की मांग किया है।

### पिपरवार में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक आज

खलारी। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित पिपरवार विकास समिति कार्यालय में आज, शुक्रवार 13 मार्च, शाम 6:00 बजे, कोल इंडिया एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) पिपरवार क्षेत्रीय कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज, जिला अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न


प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** भारत की जनगणना 2027 के संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिला/चार्ज अधिकारियों और तकनीकी सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण 10 मार्च से 12 मार्च तक उप विकास आयुक्त के सभा कक्ष रामगढ़ में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल एवं अपर समाहर्ता श्रीमती गीतांजलि कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, डाटा संकलन की विधि, तकनीकी उपकरणों के उपयोग एवं कार्यों के सुचारू संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए इसे पूरी जिम्मेदारी और सटीकता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्य के विभिन्न चरणों, ऑनलाइन डाटा एंट्री, तकनीकी समस्याओं के समाधान और मैदानी स्तर पर होने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जिला/चार्ज अधिकारी एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

# विधायक ने कृषि मंत्री से की मुलाकात

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नहीं तिर्की से मुलाकात कर तोरपा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को एक विस्तृत अनुशंसा पत्र सौंपते हुए कृषि और पशुपालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति देने का आग्रह किया। विधायक ने मंत्री को बताया कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं की कमी, आधुनिक कृषि संसाधनों की उपलब्धता तथा पशुपालन के विकास से जुड़ी कई समस्याओं का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सुदीप गुड़िया ने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था के विस्तार, किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, पशुपालन को बढ़ावा देने तथा संबंधित योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने की मांग की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

# एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक है, घबराएं नहीं : उपायुक्त

**गैस एजेंसियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक, कालाबाजारी पर कार्रवाई की चेतावनी**

**एजेंसी कार्यालयों में भीड़ न लगाने की अपील आईवीआर, मिस्ड कॉल, मोबाइल ऐप और वेब के माध्यम से बुकिंग करने की सलाह**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग को लेकर मची होड़ के बीच जिला प्रशासन हरकत में आया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को गैस कंपनियों और एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त ने गैस की कालाबाजारी पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही अस्पताल, आंगनबाड़ी, जेल और अन्य जरूरी संस्थानों में गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**एजेंसी व कार्यालयों में भीड़ न लगाने की अपील**

बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि एक साथ बड़ी संख्या में बुकिंग आने से कंपनियों के सॉफ्टवेयर पर दबाव बढ़ गया है, जिसके कारण बुकिंग में दिक्कत आ रही है। फिलहाल सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन का काम जारी है और जल्द ही व्यवस्था सामान्य हो जाएगी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से एजेंसी व कार्यालयों में भीड़ न लगाने और आईवीआर, मिस्ड कॉल, मोबाइल ऐप और वेब के माध्यम से बुकिंग करने की अपील की है।

**25 दिन के बाद ही होगी दूसरी बुकिंग**

केंद्र सरकार के निर्देश के मुताबिक, अब गैस बुकिंग होने के 25 दिन के बाद ही दूसरी बुकिंग हो सकेगी। हालांकि आपात स्थिति में उपभोक्ता दो और पांच लीटर के छोटे सिलेंडर ले सकते हैं। बीपीसीएल और एचपीसीएल के पांच लीटर सिलेंडर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और आधार कार्ड दिखाकर इन्हें लिया जा सकता है।

## एमएमके हाई स्कूल के छात्रों को किया गया सम्मानित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** एमएमके हाई स्कूल, बरियातू के विद्यार्थियों ने रांची साइंस सेंटर द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को रांची साइंस सेंटर के मेंटर कौशिक दत्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या कहकशा परवीन ने सभी प्रतिभागी छातो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका नरगिस बानो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## संक्षिप्त

### धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या

**रांची।** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के कोकोडीह गांव निवासी कमलेश महतो (युवक) की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, कमलेश महतो एक शादी समारोह से लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में तमाड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### जेल कक्षपाल भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य के जेलों में कक्षपाल भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामले में रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश मुमताज अंसारी एवं अन्य की याचिका पर दिया है। राज्य सरकार ने 1733 पदों पर कक्षपाल भर्ती का विज्ञापन निकली है। जिसमें अभ्यर्थियों ने उम्र सीमा को लेकर आपत्ति जताई है। दरअसल, याचिकाकताओं ने याचिका दायर कर विज्ञापन संख्या 07/2025 के तहत जारी कक्षपाल भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी थी। जिसमें अधिकतम उम्र सीमा 01-08-2025 रखी गई थी। जो कि झारखंड सरकार के अगस्त 2025 के गजट नोटिफि केटिशन के विपरीत थी। जिसमें यह घोषणा की गई थी कि झारखंड पुलिस, कक्षपाल, उत्पाद सिपाही नियुक्ति नियमावली 2025 के आने के बाद जो भी पहली संयुक्त नियुक्ति की जाएगी। उसमें सभी कोटि के उम्मीदवारों की उम्र सीमा की गणना 01-08-2019 से होगी। याचिकाकताओं का कहना था कि झारखंड के जेलों में 1733 पदों पर कक्षपाल भर्ती सितंबर 2025 में निकाली गई, तो उसमें उम्र में ऐसी कोई छूट नहीं प्रदान की गई। उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि 9 जनवरी से 8 फरवरी 2026 थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रारंभिक रूप से याचिकाकताओं की दलीलों को सुनने के बाद भर्ती प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित करते हुए राज्य सरकार और जेएसएससी से जवाब मांगा है।

### बजट सत्र : झारखंड विधानसभा में उठे कई अहम मुद्दे

# रजिस्ट्री पोर्टल, धान खरीद और बिजली आपूर्ति पर सरकार से मांगा जवाब

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 12वें दिन गुरुवार को सदन में जमीन रजिस्ट्री पोर्टल, धान खरीद की धीमी रफ्तार, बिजली आपूर्ति की समस्या और कृषि उत्पादों के लिए गुणवत्ता प्रयोगशाला जैसे कई अहम मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए गए। सबसे पहले नवीन जायसवाल ने कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जमीन उपलब्ध कराने से जुड़े रजिस्ट्री पोर्टल का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से तीन दिन में पोर्टल खोलने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक पोर्टल शुरू नहीं हो पाया है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि कुछ जमीनों पर अतिक्रमण और बंदोबस्ती के मामले सामने आए हैं, साथ ही तकनीकी दिक्कतों के कारण पोर्टल फिलहाल शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द ही राजस्व विभाग और रांची के उपायुक्त के साथ बैठक कर समाधान निकाला जाएगा।

वहीं, विधायक अरूप चटर्जी ने राज्य में धान खरीद की धीमी गति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है, लेकिन अब तक करीब 3 लाख मीट्रिक टन ही खरीद हो सकी है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मार्च तक लक्ष्य तय करना बिचौलियों को फायदा पहुंचाने जैसा है। सदन में बिजली आपूर्ति की समस्या भी गूंजी। डुमरी विधायक जयराम महतो ने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने या तार खराब होने के बाद कई दिनों तक बिजली बहाल नहीं हो पाती, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने शिकायत व्यवस्था और समय सीमा तय करने की मांग की। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने माना कि ट्रांसफार्मर की कमी के कारण कई बार देरी हो जाती है और जल्द ही बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया जाएगा।

इसी दौरान विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने राज्य में कृषि और वन उत्पादों के लिए मानक गुणवत्ता प्रयोगशाला नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अदरक, महुआ, कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होने के बावजूद परीक्षण सुविधा नहीं होने से किसानों को वैश्विक बाजार का लाभ नहीं मिल पाता। इस पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है और भविष्य में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कुल मिलाकर बजट सत्र के इस दिन सदन में किसानों, बिजली उपभोक्ताओं और जमीन से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए विपक्ष और सत्ता पक्ष के विधायकों ने कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए।

## मौसम केंद्र में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** मौसम केंद्र, रांची में जनवरी-मार्च, 2026 के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन 11 मार्च, 2026 को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विभाग से सेवानिवृत और साहित्य में रूचि रखने वाले रतन कुमार महतो एवं राजकुमार गोप थे। केन्द्र प्रमुख डॉ बाबूराज पीपी (वैज्ञानिक-डी), अभिषेक आनंद (वैज्ञानिक-डी), उपेन्द्र श्रीवास्तव (मौसम विज्ञानी-बी), सतीशचन्द्र मंडल (मौसम विज्ञानी-बी), बसंत प्रसाद वर्मा (मौसम विज्ञानी-ए) और आशीष कुमार (मौसम विज्ञानी-ए) ने अलग-अलग विषयों पर पॉवरपॉइंट के माध्यम से रोचक और ज्ञानवर्धक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। कार्यशाला में लगभग 50 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रमुख डॉ बाबूराज पीपी और संचालन उपेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

## सीएमपीडीआई ने 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




रांची। सीएमपीडीआई अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत आज झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में ह्यसोलर पैनल इंस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस टेक्नीशियनह्व प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी /सीएसआर) डॉ शिशिर दत्ता ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

मौके पर सीएमपीडीआई की ओर से सुश्री सफीना परवीन एवं शैलेश, झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा, फेकल्टी कमलकांत एवं कुमार अविनाश, एनटीपीसी बरकागांव आईटीआई के प्राचार्य मिथलेश कुमार उपाध्याय उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, सिस्टम मेंटेनेंस, सुरक्षा प्रोटोकॉल और सोलर सिस्टम के व्यावहारिक अनुप्रयोग जैसे आवश्यक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे आम्मनिर्भर बन सकें।

# चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में शिक्षकों की रैली

**टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ रैली में देश भर से जुटेंगे शिक्षक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** आरटीई एक्ट से पूर्व टेट की अनिवार्यता समाप्त कराने के लिए चार अप्रैल को दिल्ली में शिक्षकों की रैली होगी। इसमें टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ रैली में देश भर से शिक्षक जुटेंगे। जानकारी हो कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक सितंबर 2025 को दिये गए आदेश को लेकर झारखंड के लगभग पच्चीस हजार शिक्षकों सहित देश के लाखों शिक्षकों में फिर से उबाल है। शिक्षक देश स्तर पर आंदोलित हो रहे हैं।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा और राष्ट्रीय महासचिव राम मूर्ति ठाकुर का कहना है कि विगत दिसंबर 2025 में फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिला था। विस्तार से शिक्षकों के पक्ष को तथ्यों के साथ रखा था।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया था कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत शिक्षकों की निर्धारित न्यूनतम योग्यता को उस कानून के पहले की तिथि से लागू नहीं किया जाएगा। इसके लिए कोर्ट के फैसले की समीक्षा कर वैधानिक तरीके से हल निकाला जाएगा। शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाएगी। भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा इस दिशा में प्रारंभिक पहल करते हुए सभी राज्यों से प्रभावित शिक्षकों की संख्या और मंतव्य मांगे भी गए। हालांकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। विषय की गंभीरता को देखते हुए विगत दिनों दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित करने और संसद मार्च का कार्यक्रम घोषित किया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनूप कुमार केसरी, प्रदेश सह राष्ट्रीय महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव अजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार आदि ने कहा है कि झारखंड के सभी जिलों से शिक्षक इस रैली में भाग लेंगे। भारत सरकार के समक्ष मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

### जल संकट से निपटने के लिए रांची नगर निगम सक्रिय

**रांची।** संभावित जल संकट को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। निगम प्रशासक के निर्देश पर जलापूर्ति शाखा की टीम और परिसंपत्ति अधीक्षकों ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जलापूर्ति से जुड़े उपकरणों की स्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां जलापूर्ति उपकरणों में खराबी या गंदगी पाई गई, वहां तत्काल मरम्मत और सफाई कराई गई, ताकि स्थानीय लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। पिछले एक सप्ताह में वार्ड 3 के सिन्दवार टोली, बनिया टोली और चिरौंदी तथा वार्ड 20 के बकरी बाजार के पास स्थित चार जलापूर्ति टावरों को दुरुस्त किया गया। इसके अलावा शहर के 17 स्थानों जैसे चर्च रोड, शिव शक्ति नगर, लोहारा कोचा, कुर्बान गली, बेल कोच्चा, फौजी गली, भवानी नगर, कांटाटोली चौक, भुकरू पुल, मधुकम रोड, श्रीनगर रोड और अन्य इलाकों में छोटे जलापूर्ति टावरों को भी ठीक कराया गया। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि यदि कहीं जलापूर्ति से जुड़े उपकरण खराब हों तो इसकी सूचना निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर दें, ताकि समय पर मरम्मत कर जल संकट से बचाव किया जा सके।

### पत्नी पर गलत नजर रखने के शक में पड़ोसी का घर फूंका, भेजा गया जेल

**रांची।** रांची के सुखदेव नगर थाना इलाके में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पत्नी पर गलत नजर रखने के शक में पति ने अपने ही पड़ोसी के घर को आग के हवाले कर दिया। जिसमें घर में रखा समान और स्कूटी जलकर राख हो गया। इस मामले की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद जांच की गई। पुलिस ने आग लगाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित कुमार है। गिरफ्तार आरोपी पहाड़ी टोला के सरना स्थल के पास का रहने वाला है। इस मामले को लेकर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि यह घटना 10 मार्च की है। आग लगाकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ये लोग एक दूसरे के पहले से परिचित हैं और गलत नियत के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र ने लगाया शिविर

**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र गांधीनगर द्वारा नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 12 मार्च को भीठा बस्ती में किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा 141 लोगों की नि:शुल्क जांच की गई। डॉक्टरी सलाह दिया गया। शिविर के दौरान विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन एवं सभी बीमारियों का नि:शुल्क जांच की गई। और सभी को नि:शुल्क दवा भी दी गई। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ भरत सिंह सीएमओ इंचार्ज गांधीनगर, डॉ प्रीति तिग्गा,सी एम ओ, सी एस आर, इंचार्ज, डॉ अनिता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ स्वाति, डॉ शिल्पी झा, डॉ साइम, मुन्ना कुमार सिंह, एवम सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में हुए दस चक्रों के खेल



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 आयोजित कर रहा है। इसके दूसरे दिन दस चक्रों के खेल के बाद रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के हरि माधवन, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के दीप्तायन घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली, इनियन पा, अर्जुन कल्याण एवं रोहित एस, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के मित्राभा गुहा, महाराष्ट्र के पुराणिक अभिमन्यु और बिहार के मोहम्मद रेयान शीर्ष पर रहे। इसके अलावा झारखंड के अधिराज मित्रा 24वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान रांची जिला शतरंज संघ और ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडे, आशीष साहू, सुनील कालरा, मृदुल कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, ललित बथवाल, जयंत भुइयां, विशाल मिंज, अरुण कुमार, विनोद शाह, संगीता कुमारी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को राज्य शतरंज संघ के संरक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

# बीपी या शुगर की समस्या वाले लोग कराएं हर 06 महीने में आंखों की जांच : डॉ. अमरेंद्र

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रांची में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभात रैली निकाली गई और कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने की। कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी को सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी और एएनएम स्कूल की छात्राएं शामिल हुईं।

रैली का उद्देश्य आम लोगों को ग्लूकोमा (काला मोतिया) के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष विश्व ग्लूकोमा दिवस की थीम ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट करना है। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 08 मार्च से 14 मार्च तक जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा को आम भाषा में काला मोतिया कहा जाता है और इससे बचाव के लिए समय-समय पर आंखों की जांच बेहद जरूरी है। जिन लोगों को बीपी या शुगर की समस्या है, उन्हें हर 06 महीने में अपनी आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। वहीं सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है जिसमें बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे दृष्टि को नुकसान पहुंचता है। नियमित नेत्र जांच और पौष्टिक आहार के माध्यम से इससे बचाव संभव है। इसके प्रमुख लक्षणों में धुंधली दृष्टि, तेज रोशनी के चारों ओर इंद्रधनुषी रंग के घेरे दिखाई देना, आंख और सिर में दर्द, उल्टी, दृष्टि का धीरे-धीरे कम होना और साइड विजन का समाप्त हो जाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की गई कि वे समाज में लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करें। नेत्र विशेषज्ञ सदर अस्पताल डॉ प्रीतीश प्रणय ने बताया कि ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नस प्रभावित होती है और आमतौर पर आंखों के अंदर बढ़े हुए दबाव के कारण यह नुकसान होता है, जिससे धीरे-धीरे दृष्टि कमजोर हो जाती है।

## रांची नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई भवन कराए कब्जा मुक्त

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम ने गुरुवार को अपनी परिसंपत्तियों से अवैध कब्जा हटाने के लिए शहर में विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई भू-संपदा कोषांग के सहायक प्रशासक राहुल यादव के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान वार्ड 18 से 36 तक लगभग 15 निगम स्वामित्व वाले भवनों की जांच की गई। जहां-जहां अतिक्रमण और अवैध कब्जा पाया गया, वहां तत्काल कार्रवाई कर परिसंपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया गया। जांच के दौरान वार्ड 29 में खादगढ़ा शनि मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में अवैध रूप से डांस क्लास संचालित होते पाया गया, जिसे निगम की टीम ने बंद करा दिया। वहीं वार्ड 21 के पंचायत भवन में अवैध रूप से ताला लगाए जाने पर निगम ने पुराना ताला हटाकर नया ताला लगा दिया। इसके अलावा सुखदेव नगर स्थित निगम के एक भवन में अवैध रूप से रह रहे लोगों को 24 घंटे के भीतर भवन खाली करने का निर्देश दिया गया।

### नगर निगम ने बरियातू में तीन दुकानों को किया सील

**रांची।** नगर निगम इन दिनों लगातार एक्शन मोड़ पर है। नगम क्षेत्र के व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों की लगातार जांच की जा रही है। गुरुवार को



बरियातू रोड स्थित संत तुलसी अपार्टमेंट में अवस्थित तीन दुकानों पर नियमों के उल्लंघन पाए गए। जिसमें श्री कमल किंगर, संचालक केके मेगा मार्ट, सुश्री स्नेहा कुमारी, संचालक ट्रेंडी शू, श्री आयुष भूषण, संचालक टाइल्स मार्ट शामिल है। नगर निगम पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस पूर्व में रद्द कर दिया गया था। इसके साथ ही तीनों संचालकों के स्वीकृत भवन प्लान के विपरीत पाए गए। गैलरी में दुकान संचालन करने के कारण प्रतिष्ठान खाली करने का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद दुकानों का संचालन जारी रहने पर नगर निगम की टीम द्वारा आज नियमों के उल्लंघन के पर तीनों दुकानों को विधिसम्मत रूप से सील कर दिया गया।

# कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**जिला कमेटी से लेकर प्रखंड कमेटी तक का विस्तार कर संगठन को मजबूत किया जाएगा : प्रीतम बांकिरा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी दीपक साव और जिलाध्यक्ष रंजन बोयपाई उपस्थित रहे। पहली बार जिला आगमन पर जिला प्रभारी का जिला महासचिव राजीव बोयपाई व गुलजार अंसारी ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिला, विधानसभा और प्रखंड कमेटी का विस्तार करके जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।श्री बांकिरा ने कहा अब से प्रत्येक महीने विधानसभा कार्यकारिणी की भी बैठक करना अनिवार्य है ताकि पंचायत और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित करके संगठन को मजबूत किया जा सके और क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान भी किया जा सके। जिला प्रभारी दीपक साव ने कहा कि आज भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सच बोलना गुनाह हो गया है जिसका जीता-जागता उदाहरण है राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु छिब की गिरफ्तारी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस तरीके हमारे समझौता करने वाले और कमजोर प्रधानमंत्री को बेनकाब किया है उससे पूरी केंद्रीय सरकार डर गयी।आज देश में एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में लगातार वृद्धि होना ये बताता है कि देश का प्रधानमंत्री सिर्फ अपने चंद पूंजीपति मित्रों के इशारे पर देश चला रहा है। कार्यकारिणी बैठक के बाद शहीद पार्क चौक में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़ते एलपीजी सिलेंडर के दामों के विरोध में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि केंद्र सरकार की मनमानी के विरोध में 16 मार्च के संसद घेराव कार्यक्रम में जिला से दर्जनों कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे। की कार्यकारिणी बैठक में जिला महासचिव राजीव बोयपाई, गुलजार अंसारी, चक्रधरपुर विधानसभा अध्यक्ष प्रतीक कुमार, मझगांव विधानसभा उपाध्यक्ष चैतन्य संवैया,मझगांव प्रखंड अध्यक्ष सुकरा लोहार,हाटगमहारिया प्रखंड अध्यक्ष कृपा कुलडीह,टोंटो प्रखंड अध्यक्ष प्रवीन लागुरी, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बसंत सामड, ललित नारायण लागुरी, जगदीश लागुरी,करन सामड, सिंकदर सामड, अविनाश मारला, जामदार लागुरी, लिटिल सिंकू उपस्थित रहे।

# गुवा थाना में शांति समिति की बैठक, ईद, रामनवमी और सरहुल शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** गुवा थाना परिसर में गुरुवार देर शाम आगामी ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र की सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में ईद, रामनवमी और सरहुल जैसे प्रमुख पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दी जाएगी, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। बैठक के दौरान रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी शोभायात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से निकाली जाएगी। स्थानीय युवक एवं कलाकार अपनी पारंपरिक कला और प्रदर्शन के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी पर्व-त्योहार सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक हैं।

## संक्षिप्त

### ऊर्जा व खनन क्षेत्र में न्याय संगत परिवर्तन पर नई दिल्ली में सेमिनार आयोजित

**गुवा।** ऊर्जा और खनन क्षेत्र में न्याय संगत परिवर्तन (जस्ट ट्रांजिशन) के लिए श्रमिक यूनियनों को कैसे मजबूत किया जाए, इस विषय पर नई दिल्ली के क्राउन होटल में 10 व 11 मार्च को दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का आयोजन इंटक यूनियन और इंडस्ट्रियल ऑल के अंतरराष्ट्रीय संघ के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सेमिनार में ऊर्जा और खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के अधिकार, बदलते औद्योगिक माहौल में श्रमिकों की भूमिका तथा यूनियनों को मजबूत बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा और मंथन किया गया। इस अवसर पर इंडियन नेशनल स्टील, मेटल, मेटल माइंस एंड इंजीनियरिंग एंप्लॉई फेडरेशन (क्वरटट&एएत्र) के सदस्य तूफान घोष (जोनल सेक्रेटरी, गुवा) तथा विद्युत सरकार (जोनल सेक्रेटरी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा अनुज कुमार सुंडी (नोवामुंडी टिस्को), बीरबल सिंह (जादूगोड़ा माइंस) भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### करमपदा गांव में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुवा ।** किरीबुरू थाना क्षेत्र के करमपदा गांव में बुधवार 11 मार्च की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतक की पहचान दीपक पूर्ति (लगभग 22 वर्ष), पिता पावल पूर्ति के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक पूर्ति अपनी पत्नी के साथ करमपदा गांव स्थित रेलवे के एक पुराने भवन में रह रहा था। बुधवार रात किसी समय उसने पत्नी की साड़ी के सहारे फंदा बनाकर उसी भवन के अंदर फांसी लगा ली। ग्रामीणों के अनुसार कुछ बच्चे खेलते हुए घर के पास पहुंचे और खिड़की से अंदर देखा तो दीपक को फंदे से लटका हुआ पाया। यह दृश्य देखकर बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी।

# लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 433 किलो गांजा जब्त

**12 चक्का ट्रक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 433 किलो अवैध गांजा जब्तप किया है। इस क्रम में 12 चक्का ट्रक के साथ दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक को 12 मार्च की रात गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक संख्या जेएच12एच9099 में भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर लोहरदगा की ओर लाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किस्को के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए कचहरी मोड़ स्थित बैरिकेडिंग लगाकर सघन वाहन जांच से वाहन चेकिंग के दौरान एक 12 चक्का ट्रक को रोक कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक से 433 किलोग्राम गांजा, जो एक केजी , तीन केजी और पांच केजी के बने 154 पैकेटों में रखा हुआ था, जिसे ट्रक समेत बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शमशेर अली (48 वर्ष, पिता स्वर्गीय चाँद मोहम्मद, निवासी ग्राम मांझी, हसन अली बाजार, थाना मांझी, जिला सारण, बिहार) और इकराम खान (55 वर्ष, पिता स्वर्गीय मोहम्मद करम खान, निवासी फैजावाद रोड बाईपास, गिर्द थाना नगर, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई है। पुलिस ने ट्रक, दो मोबाइल फोन और बरामद गांजा को जब्त कर लिया है। इस संबंध में लोहरदगा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किस्को के वेदांत शंकर, रत्नेश मोहन ठाकुर लोहरदगा थाना, रवि रंजन कुमार, पप्पू कुमार, अमरनाथ पांडे, नीरज कुमार मिश्रा, निर्मल मार्शल मिंस, विपिन हजाम, बुधराम सिंह मुंडा एवं लोहरदगा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बिहार से आई बस से नकली 1400 किलो पनीर और 90 केजी घी जब्त



**धनबाद।** जिला प्रशासन ने खाद्य मिलावट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली पनीर और घी बरामद किया है। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे बस स्टैंड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार से आने वाली बुंदेला बस (बीआर 21पी 3632) की तलाशी ली गई। जांच के दौरान बस से 1400 किलो नकली पनीर और 90 किलो नकली घी (6 टीन) सहित अन्य खाद्य सामग्री बरामद की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बरामद पनीर पटना से धनबाद लाया जा रहा था। इसे लगन के मौसम और त्योहारों के दौरान बाजार में खपाने की तैयारी थी। इतनी बड़ी मात्रा में धनबाद में पहली बार मिलावटी पनीर पकड़ा गया है। कार्रवाई के दौरान बस के ड्राइवर और खलासी को हिरासत में लेकर बस समेत धनबाद थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। इसके साथ ही बिहार से आने वाली अन्य बसों की भी सघन जांच जारी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सारंडा क्षेत्र के लिए जोबा माझी ने केंद्र से की पीएम सड़क योजना देने की मांग



**चाईबासा।** सिंहभूम की सांसद और लोकसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता जोबा माझी ने गुरूवार को बजट सत्र के अनुपूरक अनुदान के दूसरे फेज में बोलते हुए सिंहभूम संसदीय क्षेत्र एवं झारखंड राज्य से संबंधित कई मांगों को प्रमुखता से रखा। जोबा माझी ने सदन में कहा कि वे सारंडा जैसे क्षेत्र से आती हैं, जहां जगह-जगह आईईडी बिछे हुए है और आए दिन विस्फोट की घटनाएं होती रहती है। जिसमें जवानों के साथ आम ग्रामीण भी अपने जान गंवा रहे है। सांसद ने केंद्र सरकार से सारंडा क्षेत्र के लिए अधिक से अधिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्वीकृति देने की मांग की। इसके साथ सांसद जोबा माझी ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि काफी कम है। वहीं उन्होंने तीन साल तक झारखंड को इस योजना से अलग रखने का मुद्दा उठाते हुए सीएम हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा उन्होंने राज्य के अपने आंतरिक संसाधन से अबुआ आवास योजना शुरू कर राज्य के लोगों को राहत देने का काम किया है। जोबा माझी ने सरकार से पीएम आवास योजना के तीन साल के बकाया राशि निर्गत करने की मांग की। सांसद ने सदन में बोलते हुए झारखंड में अधूरे नलजल योजना को जल्द पूरा करने, एकलव्य विद्यालयों में शिक्षक, रसोइयां आदि की व्यवस्था कर जल्द कक्षा संचालन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालयों का निर्माण करा दिया गया है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई विद्यालयों में पढ़ाई शुरू नहीं की गई है। उन्होंने सारंडा के खनन क्षेत्रों में लाल पानी की समस्या को उठाते हुए कहा सेल केंद्र सरकार की उपक्रम है, लेकिन आम लोगों की आवश्यकताओं पर सेल का ध्यान नहीं रहता है। उन्होंने खनन क्षेत्रों में लाल पानी से प्रभावित लोगों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की।

# जल उपचार संयंत्र में मरम्मत कार्य के कारण गुवा में 13 दिन जल आपूर्ति प्रभावित

**गुवा।** जल उपचार संयंत्र विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार गुवा टाउनशिप एवं माइंस क्षेत्र में जल की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से फि ल्टर मीडिया की आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य किया जाएगा। यह कार्य 12 मार्च 2026 से 24 मार्च 2026 तक चलेगा। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त अवधि के दौरान टाउनशिप और माइंस क्षेत्र में जल आपूर्ति की द्वितीय पाली (सेकेंड हाफ) प्रभावित रहेगी। हालांकि, प्रभावित दिनों में द्वितीय पाली की जल आपूर्ति शाम 7:00 बजे के बाद की जाएगी, ताकि लोगों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# वेल-डन फ्यूचर एकेडमी, बड़ाजामदा में ई-श्रम व पीएमएसवाईएम योजना पर जागरूकता शिविर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** वेल-डन फ्यूचर एकेडमी, बड़ाजामदा में आज ई-श्रम और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) योजना को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिनोद कुमार, सीएमओ, सेंट्रल हॉस्पिटल, बड़ाजामदा तथा उदयशंकर कुमार, कल्याण प्रशासक, श्रम कल्याण संगठन, बड़ाजामदा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में बड़ाजामदा क्षेत्र के कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लाभ, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भविष्य में पेंशन सहित कई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान इच्छुक लोगों का नामांकन स्थानीय सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की सहायता से कराया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पंजीकरण के प्रति रुचि दिखाई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# उपायुक्त चंदन कुमार ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर उपायुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंडों द्वारा अयोग्य राशनकार्ड धारकों की जांच कर सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी प्रखंड यह सुनिश्चित करेंगे कि 31 मार्च 2026 तक अयोग्य राशनकार्ड धारकों का नाम राशन कार्ड सूची से हटाने की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए।

# 58.825 किमी लंबी चाईबासा, टोंटो, रोवाम सड़क का बड़ा हिस्सा तैयार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु एक बार फिर जनहीत में चल रहें विधानसभा सत्र में तारंकित के माध्यम से सरकार से सवाल पुछा गया जिस पर की श्री सिंकु के द्वारा पुछे गये सवाल का जबाब दिया गया. पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल से होकर गुजरने वाली चाईबासा टोंटो रोवाम सड़क परियोजना का निर्माण कार्य वन भूमि की स्वीकृति के अभाव में लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। इस संबंध में सरकार की ओर से झारखंड विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया गया कि सड़क का एक बड़ा हिस्सा तो बन चुका है, लेकिन लगभग 32 किलोमीटर सड़क का निर्माण अभी भी अटका हुआ है। यह जानकारी झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग की ओर से विधानसभा में दी गई है। यह प्रश्न विधायक सोनाराम सिंकू द्वारा 11 मार्च 2026 को पूछा गया था, जिसका जवाब विभाग की ओर से प्रस्तुत किया गया। 58.825 किमी लंबी सड़क परियोजना सरकार की ओर से दिए गए जवाब के अनुसार चाईबासा, टोंटो, रोवाम पथ का निर्माण झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से कराया जा रहा है। इस सड़क की कुल लंबाई 58.825 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इनमें से 26.195 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया गया है। लेकिन शेष 26.285 किलोमीटर हिस्सा वन भूमि क्षेत्र में पड़ने के कारण अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। यही कारण है कि परियोजना का बड़ा हिस्सा अधूरा पड़ा हुआ है। वन भूमि में फंसा सड़क निर्माण सरकार के मुताबिक इस परियोजना का करीब 5.840 किलोमीटर हिस्सा भी वन भूमि के भीतर आता है। वन भूमि में सड़क निर्माण के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनुमति आवश्यक होती है। इस प्रक्रिया के तहत विभाग ने वन भूमि उपयोग का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था।

# विधानसभा में उठाया गया मुद्दा, ग्रामीणों को 7 किमी खराब सड़क से जूझने की मजबूरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिंहभूम।** संसदीय क्षेत्र के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले वर्षो से जर्जर अवस्था में रहने वाले जिन्तुगाड़ा से तोड़ांगहातु सड़क का निर्माण करने की मांग को लेकर गुरूवार को विधानसभा में चल रहे बजटीय सत्र के दौरान तारंकित सवाल के माध्यम से सरकार से जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु के द्वारा जबाव मांगा है की आखिर कब तक ये सरक बनेगी या नहीं यदी नहीं तो कारण बताएं.इस सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री दीपीका पाण्डेय के द्वारा मांग को स्वीकार करते हुए जबाब दिया गया है.जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी सड़क समस्या आखिरकार विधानसभा तक पहुंच गई। विधायक सोनाराम सिंकु के द्वारा सदन में उठाए गए सवाल के बाद राज्य सरकार ने जिन्तुगाड़ा से तोड़ांगहातु मार्ग के निर्माण पर विचार करने का आश्वासन दिया है। सरकार की ओर से ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दिपीका पाण्डेय सिंह ने लिखित जवाब देते हुए कहा कि विभागीय नीति और बजटीय उपलब्धता के आधार पर सड़क निर्माण के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदन में उठा जिन्तुगाड़ा से तोड़ांगहातु सड़क का मुद्दा विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 30 के माध्यम से विधायक सोनाराम सिंकू ने सरकार का ध्यान पश्चिमी सिंहभूम जिले के ग्रामीण इलाकों की जर्जर सड़क की ओर खींचा।उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सही है कि जगन्नाथपुर प्रखंड के अंतर्गत जिन्तुगाड़ा से तोड़ांगहातु तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी सड़क अत्यंत खराब स्थिति में है। साथ ही यह भी विधायकश्री सिंकु ने सदन में बताया कि इस सड़क की खराब स्थिति के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में कठिनाई होती है तथा बच्चों को स्कूलझकॉलेज पहुंचने में दिक्कत आती है.साथ ही किसानों और ग्रामीणों को बाजार जाने में परेशानी होती है,बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है. श्री सिंकुनें सरकार से पूछा कि क्या इस सड़क के निर्माण की कोई योजना है। सरकार ने माना सड़क खराब ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने लिखित जवाब में स्वीकार किया कि उक्त मार्ग की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि विभागीय नीति और बजट की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए इस पथ के निर्माण के संबंध में आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।अब सदन में मामला उठने और सरकार के जवाब के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से उपेक्षित यह सड़क अब जल्द बन सकेगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों के लिए लाईफ लाइन के समान है। सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार से जुड़े कार्य भी सुचारू रूप से हो सकेंगे। ग्रामीणों का मानना है कि यदि सरकार जल्द इस सड़क के निर्माण का निर्णय लेती है तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। वर्षों से जर्जर सड़क के कारण गांवों की प्रगति बाधित हो रही है। अब सबकी निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी है।

# बैडमिंटन और कैरम प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया बढ़चढ़ कर भाग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला समिति की ओर से 8 मार्च से 23 मार्च तक महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं इसी क्रम में आज कार्यक्रम का पांचवां दिन था, जिसमें महिलाओं के लिए बेडमिंटन और केरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के ज्ञान, समझ और सामान्य जानकारी को बढ़ावा देना है प्रतियोगिता में कुल चार-चार प्रतिभागियों की कई टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी टीमों के बीच खेल, इतिहास तथा दैनिक जीवन से जुड़े कई रोचक खेल प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने काफी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दिए। कई प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान और समझ का अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल काफी रोचक और उत्साहपूर्ण बना रहा।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने पिपरवार प्रबंधन को सौंपा मांगपत्र

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी**/पिपरवार। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की पिपरवार क्षेत्रीय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से मिला और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। यूनियन ने महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय प्रभारी एसओपी रवि बाड़ा को देते हुए जल्द ही यूनियन के साथ एजेंडा बैठक आयोजित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों की साफ-सफाई व मरम्मत, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा जीएम यूनिट और अशोक परियोजना कार्यालय में वाटर फिल्टर मशीनों की मरम्मत की मांग की। इसके अलावा मजदूरों को समय पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया तेज करने, बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में सभी मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने और पर्याप्त दवाइयों के साथ अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। यूनियन ने उत्पादन बढ़ाने के लिए नई मशीनरी और भूमि की व्यवस्था करने, टेढ़ी पुल की तत्काल मरम्मत कराने तथा बड़े पुल पर कोयला वाहनों के खड़े होने पर रोक लगाने की बात भी प्रबंधन के समक्ष रखी। साथ ही जीएम यूनिट की कैंटीन में बैठने की उचित व्यवस्था और बेहतर भोजन-नाश्ता उपलब्ध कराने, शिव शक्ति भारत गैस एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में सुधार तथा मेडिकल और यात्रा भत्ता बिलों के भुगतान में हो रही देरी को दूर करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त सीएमसी और एएमसी के तहत हो रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने, संवेदनशील पदों पर लंबे समय से कार्यरत कर्मियों का तबादला करने और बचरा चार नंबर चौक की मुख्य सड़कों से फ्लाई ऐश ढुलाई तथा कोयला वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई। यूनियन ने जीएम यूनिट और अन्य परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों के आवास की मरम्मत की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की बात कही।

# कोल्हान विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग हुई तेज

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** गुरूवार को कोल्हान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारी सुबोध महाकुड़ एवं पिपुन बारीक ने कुलपति से मुलाकात कर अभिलंब छात्र संघ चुनाव कराने की बात कही। मुख्य रूप से कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व सचिव सुबोध महाकुड़ ने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाने तथा उनके अधिकारों की रक्षा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है। छात्र संघ के माध्यम से ही विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलता है। वर्तमान में छात्रों की कई शैक्षणिक एवं अन्य समस्याएँ हैं, जिनका समाधान छात्र प्रतिनिधियों के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। छात्र नेता पिपुन बारीक ने कहा कि विगत 8 वर्ष बीत चुका है परंतु छात्र संघ चुनाव कराने में विश्वविद्यालय प्रशासन असफल रहा है। प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों से छात्र संघ के नाम पर पैसा भी लिया जाता है परंतु चुनाव कराने का नाम ही नहीं ले रही है।

## संक्षिप्त

### पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर कोल्हान आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** पत्रकार सुरक्षा कानून, प्रेस क्लब, बीमा, पेंशन, आवास, आयोग और एक्रिडेशन समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम 12 मार्च को कोल्हान आयुक्त रविरंजन कुमार विक्रम को चाईबासा में ज्ञापन सौंपा। मौके पर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया, झारखंड प्रभारी शंकर गुप्ता, कोल्हान प्रमंडल प्रभारी अजय महतो, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष दशरथ प्रधान,सचिव दीपक महतो और पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष मनीष सिंह इत्यादि मौजूद थे।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, छह के खिलाफ मामला दर्ज

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र में मेला घूमने गए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। छह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि निरसा थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर में शीतला पूजा के अवसर पर मेला लगा हुआ था। इसी मेले में घूमने गए गोपालगंज निवासी 19 वर्षीय युवक बिट्टू धीवर की कथित तौर पर कुछ युवकों ने बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। मृतक के परिजनों के अनुसार पांड्रा गांव निवासी अरूप धीवर, विक्रम धीवर, मलिंगा बाउरी और तीन अज्ञात युवकों ने एमपीएल प्लांट जाने वाली रेलवे लाइन के पुलिया के नीचे बहने वाले जोरिया में बिट्टू धीवर को पहले बुरी तरह पीटा। फिर पानी में डुबो-डुबोकर उसकी हत्या कर दी।
मृतक के फुफेरे भाई रोहित धीवर ने बताया कि वह और अरूप धीवर दोनों मैट्रिक की परीक्षा देने के लिए पोद्दारडीह हाई स्कूल से गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरबा हाई स्कूल गए थे, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी। बुधवार रात वह अपने ममेरे भाई बिट्टू के साथ मेला देखने जा रहा था।

# जमानत पर बाहर चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ करें कार्रवाई : आईजी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर की अध्यक्षता में बोकारो जोन के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की स्थिति और आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आईजी ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से पूर्व में हुई सांप्रदायिक घटनाओं में शामिल और जमानत पर बाहर चल रहे अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पिछले छह माह में हुई महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं के मामलों का जल्द निष्पादन करने, लंबित जमानती और गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया।
आईजी ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने सभी जिलों में प्रतिदिन एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने, महिला प्रताड़ना और अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई कर 60 दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त गिरोहों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।

### पूर्व की व्यवस्था को पुनः बहाल करते हुए सदर अस्पताल, चाईबासा के दूसरे गेट को फिर से जनहित में खोला जाये : त्रिशानु राय



**चाईबासा।** सदर अस्पताल , चाईबासा के बीएसएनएल ऑफिस साईड के गेट को बंद कर दिए जाने से हो रही असुविधाओं पर संज्ञान लेते हुए जनहित में प०सिंहभूम जिला के कांग्रेस प्रवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय ने गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा है। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में त्रिशानु राय ने कहा कि सदर अस्पताल , चाईबासा के दूसरे गेट जो बस स्टैंड रोड में बीएसएनएल ऑफिस की ओर खुलता है उसे अचानक बंद कर दिए जाने के कारण अस्पताल में जाने वाले मरीजों और वहां भर्ती मरीजों के परिजनों एवं तिमारदारों को बस स्टैंड और रेल्वे स्टेशन से अस्पताल जाने और आने के लिए काफी दूरी तय कर पूरा घूमकर मेन गेट से जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है साथ ही बस स्टैंड रोड पर स्थित छोटे दुकानदारों को भी ग्राहकों की कमी हो जाने से अपने व्यवसाय करने में काफी परेशानी हो रही है, खासकर फल विक्रेताओं, दूध, चाय, बिस्किट विक्रेताओं, दैनिक उपयोग की वस्तुओं के विक्रेताओं एवं छोटे छोटे होटल चलाने वालों के समक्ष ग्राहकों की कमी हो गई है क्योंकि मरीज एवं उनके परिजन इन्हीं दुकानदारों से अपनी जरूरतों का समान खरीदा करते थे। इस गेट की व्यवस्था पिछले काफी वर्षों से अस्तित्व में रही है और इसके रहने से हर किसी को काफी सुविधा होती थी लोग आना जाना कर लेते थे, त्रिशानु राय ने अनुरोध करते हुए कहा कि पूर्व की व्यवस्था को पुनः बहाल करते हुए सदर अस्पताल के इस गेट को फिर से खोल दिया जाय जिससे मरीजों, उनकेपरिजनों ,तिमारदारों,आमजनों की सुविधा के साथ साथ छोटे मोटे दुकानदारों को भी अपने व्यवसाय को चलाने में सुविधा हो सके। वहीं उपायुक्त चंदन कुमार ने त्रिशानु राय को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले पर यथोचित पहल की जाएगी ।

### दक्षिणी छोटानागपुर और कोल्हान में भाजपा प्रशिक्षण महा अभियान 2026 आयोजित



**चाईबासा।** दक्षिणी छोटा नागपुर और कोल्हान प्रमंडल की भाजपा इकाई द्वारा आज 12 मार्च 2026 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गामा सिंह स्मृति सभागार, भाजपा रांची महानगर जिला कार्यालय, रतू रोड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू और नगर परिषद प्रत्याशी रमेश खिरवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रशिक्षण में प्रताप कटिहार, सनी पासवान, चंद्र मोहन तिऊ, भूषण पाट, पिंगुआ, पंकज खिरवाल चंदन झा पवन शर्मा सहित पश्चिमी सिंहभूम से लगभग 20 वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी को संगठनात्मक कार्य, जनसंपर्क और प्रशिक्षण से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्यशाला के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यकताओं की क्षमता और संगठन की मजबूती में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## 14 मार्च 2026 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**प्राधिकार ने की आम लोगों से इसका लाभ लेने की अपील**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण **(NALSA)** दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 को देश और राज्य भर के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।
इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए चाईबासा मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में चाईबासा व्यवहार न्यायालय और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, राष्ट्रीय लोक अदालत में चेक बाउंस (138 ठक अ३), बैंक ऋण, ट्रैफिक चालान, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, श्रम विवाद, पारिवारिक मामले, बिजली/पानी के बिल से जुड़े मामले , शमनीय आपराधिक मामले, ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, पारिवारिक और दीवानी जैसे मामलों का आपसी सहमति से निशुल्क समाधान किया जाता है। यह एक त्वरित और अंतिम समाधान है, जिसके फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य अदालतों में लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान और मुकदमों की संख्या कम करना है, यह निःशुल्क है और इसमें कोई कोर्ट फीस नहीं लगती। उन्होंने कहा कि इसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

## जनता दरबार में जनता ने शिकायतें रखीं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी ओम प्रियदर्शी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकंपा, बिजली बिल माफी, झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष रखा। सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

# नाबालिग की शादी रोकने में प्रशासन फेल, भीड़ छुड़ा ले गई दूल्हे को

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के तलैया बभंडी गांव में गुरूवार को प्रशासन दो नाबालिग जोड़ों की शादी रोकने में विफल साबित हुआ। उग्र भीड़ के आगे प्रशासनिक कार्रवाई संभव नहीं हो पाई और एक दूल्हे को छुड़ा ले जाया गया। दोनों जोड़ों की शादी भी करा दी गयी। मामले में प्रशासन की ओर से जांच तेज की गयी है और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार तलैया बभंडी के सिद्धिविनायक मंदिर में एक समाज विशेष के दो नाबालिग जोड़ों की शादी होने की सूचना मिली थी। शुरूआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना सिन्हा, सीआई चंद्रशेखर तिवारी, थाना से वीरेंद्र राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थे। दोनों अलग अलग जोड़ों (लड़का-लड़की) को बुलाकर उनके आधार कार्ड की जांच की गई। इस क्रम में एक लड़का और एक लड़की नाबालिग पाए गए। प्रशासन ने उनकी शादी रोक दी और कार्रवाई करते हुए शादी करा रहे पंडित और नाबालिक लड़की से शादी कर रहे दूल्हे को हिरासत में ले लिया। प्रशासन गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगा। इसकी जानकारी होते ही विवाह स्थल पर मौजूद गांव के लोग उग्र हो गए और गाड़ी को घेर लिया। करीब 01 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। इस क्रम में गाड़ी से दूल्हे को छुड़ा ले जाया गया और हंगामे के बीच दोनों जोड़ों की शादी भी करा दी गई। शादी जैसे तैसे हुई। प्रशासन केवल पंडित को ले जा सका। भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी होने पर प्रशासन ने जिला और थाना से अतिरिक्त बल की मांग की।

### मेड डेंस डेंटल एंड हेल्थकेयर का उद्घाटन



**देवघर।** देवघर, जसीडीह मुख्य मार्ग में मेड डेंस डेंटल एंड हेल्थकेयर का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि देवघर नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर रवि राउत ने क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्लिनिक की संचालिका डॉ. प्रांजलि राज, उनके पति प्रेम प्रकाश यादव सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। डॉ. प्रांजलि राज ने बताया कि क्लिनिक में दांतों से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आधुनिक मशीनें और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मौके पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश यादव समेत डेंटल संचालक के सभी परिवार उपस्थित थे।

# बेकारबांध में युवकों के दो गुटों में जमकर चली लाठियां

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद में कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए युवकों के दो गुटों के बीच गुरुवार को सरेराह खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के बेकारबांध इलाके में गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दर्जनों युवकों ने लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पूरा मामला आपसी रंजिश और कल हुई एक मारपीट का बदला लेने से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, बेकारबांध निवासी धर्मेंद्र कुमार बीते कल जियोमार्ट में काम के सिलसिले में गया था। वहां मौजूद वेंडरों ने उसका विरोध किया और बात बढ़ने पर 'करण' नाम के एक वेंडर ने धर्मेंद्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी।
कल की इसी टीस को लेकर आज जब धर्मेंद्र ने बेकारबांध के समीप करण को रोककर पुरानी मारपीट के बारे में पूछताछ की, तो दोनों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि करण ने फोन कर अपने 20 से 25 साथियों को मौके पर बुला लिया। जियोमार्ट में काम करने वाले ये युवक लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और धर्मेंद्र पर टूट पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सरेआम सड़क पर लाठियां बरसती रहीं और लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। इस हमले में धर्मेंद्र कुमार का भाई गौतम कुमार और करण गुट का एक अन्य युवक बुरी तरह घायल हो गया है। दोनों के सिर पर गहरी चोटें आई हैं और खून से लथपथ हालत में उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है।
घटना की सूचना मिलते ही धनबाद सदर थाना की एएसआई सीमा किंडो दलबल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने उग्र युवकों को खदेड़ा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के अनुसार, यह विवाद पिछले दिन हुई एक मारपीट की घटना का परिणाम है। घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

## आदित्यपुर में गोलीबारी मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र में 2 मार्च को हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम सरकार और राज लोहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने राजवीर सिंह उर्फ लालू पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी, जिसमें वह घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक मैगजीन, देशी पिस्टल के 16 जिंदा कारतूस, देशी कट्टा के 4 जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी शुभम सरकार ने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले उसके पिता मांगो थाना क्षेत्र के एक हत्या के मामले में जेल में बंद हैं। इसी दौरान उसकी मां का आकाश दीप नामक व्यक्ति से अवैध संबंध हो गया था और वह उसकी मां को लेकर गुजरात चला गया था। इसी कारण दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते यह घटना हुई। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

## संपादकीय

### नई पीढ़ी की राजनीति

बालेंद्र शाह की चुनावी सफलता ने नेपाल की राजनीति में बदलाव की नई उम्मीद जगा दी है। हालिया चुनाव परिणामों ने यह संकेत दिया है कि देश की जनता, खासकर युवा वर्ग, अब पारंपरिक राजनीतिक दलों से आगे बढ़कर नई सोच और नई नेतृत्व शैली को अवसर देना चाहता है। इसी बदलाव की लहर पर सवार होकर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने उल्लेखनीय जीत हासिल की है और पुरानी राजनीतिक शक्तियों को कड़ी चुनौती दी है। नेपाल का राजनीतिक इतिहास लगातार अस्थिरता और बार-बार बदलती सरकारों का साक्षी रहा है। अब तक कई प्रधानमंत्री आए, लेकिन कोई भी अपना पूरा कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। ऐसे में यदि स्पष्ट बहुमत के साथ बनने वाली नई सरकार स्थिरता प्रदान करती है और पांच वर्षों तक प्रभावी ढंग से शासन करती है, तो यह नेपाल की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। हालिया चुनावों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस बात का संकेत है कि समाज में बदलाव की इच्छा मजबूत हो चुकी है। लंबे समय से भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक खींचतान के कारण जनता में असंतोष बढ़ता रहा है। ऐसे माहौल में बालेंद्र शाह जैसे अपेक्षाकृत युवा और नई सोच वाले नेता को समर्थन मिलना स्वाभाविक है। लोगों को विश्वास है कि वे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। बालेंद्र शाह की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी है, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर काम करते हुए सुधारात्मक पहल की। इसी कारण अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशासनिक सुधारों को आगे बढ़ाएंगे। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, सरकारी तंत्र की कार्यक्षमता बढ़ाना और जनता के साथ संवाद को मजबूत करना नई सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। नेपाल की अर्थव्यवस्था भी इस समय कई चुनौतियों से गुजर रही है। रोजगार के सीमित अवसरों के कारण बड़ी संख्या में नेपाली युवाओं को विदेशों में काम की तलाश में जाना पड़ता है। इसलिए नई सरकार के सामने रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति देने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। यदि निवेश, उद्योग, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दिया जाता है, तो इससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। इसके साथ ही नेपाल को अपने पड़ोसी देशों के साथ संतुलित और सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है। विशेष रूप से भारत के साथ उसके ऐतिहासिक और आर्थिक संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं।

# एआई की दौड़ में कौन जीतेगा शक्ति की बाजी

धीरज यादव

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में कृत्रिम मेधा (एआई) केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गई है, बल्कि यह उत्पादन, शासन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की केंद्रीय शक्ति बनती जा रही है। स्वचालन, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण पर आधारित प्रणालियां विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्र तक उत्पादकता की प्रकृति बदल रही हैं। सैन्य क्षेत्र में स्वायत्त प्रणालियां, खुफिया विश्लेषण और निगरानी तकनीक रणनीतिक क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। साइबर सुरक्षा में हमलों की पहचान और रोकथाम के लिए एआइ आधारित तंत्र अनिवार्य होते जा रहे हैं। इन सभी आयामों का मूल तत्त्व है डेटा और उसे संसाधित करने की क्षमता। कृत्रिम मेधा को अब केवल साफ्टवेयर के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह ऊर्जा, तेल या सेमीकंडक्टर की तरह एक रणनीतिक संसाधन का रूप ले चुकी है। जिस इकाई के पास उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना, विशाल डेटा भंडार और उन्नत एल्गोरिद्मइ क्षमता है, वह आर्थिक और सामरिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकती है। इस बदलते परिदृश्य में शक्ति का पारंपरिक संतुलन केवल सैन्य या भौगोलिक कारकों से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि तकनीकी दक्षता और डिजिटल अवसंरचना भी उसकी दिशा तय करेगी।

अब कृत्रिम मेधा का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। विनिर्माण, साजो-सामान, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में एआइ आधारित स्वचालन तथा विश्लेषण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की रपटें यह बताती हैं कि डेटा विश्लेषण एवं मशीन लर्निंगइ से निर्णय प्रक्रिया तेज होती है और संसाधनों का उपयोग अधिक कुशल बनता है। इससे पूंजी निर्माण की प्रकृति भी बदल रही है। पारंपरिक भौतिक संपत्तियों की तुलना में अब डेटा, एल्गोरिद्म और कंप्यूटिंग क्षमता नई पूंजी के रूप में उभर रहे हैं। इस परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सेमीकंडक्टर उद्योग और क्लाउडइ अवसंरचना है। उन्नत चिप निर्माण और उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर एआइ विकास की आधारशिला हैं। जिन देशों और कंपनियों के पास अत्याधुनिक चिप डिजाइन, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक क्लाउड नेटवर्क हैं, वे तकनीकी मूल्य शृंखला के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कुछ बड़े वैश्विक मंचों का केंद्रीकरण यह दशार्ता है कि डेटा और नेटवर्क प्रभाव से बाजार संरचना सिमट सकती है। जाहिर है, जिनके पास उन्नत एआइ माडल, व्यापक डेटा संसाधन और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना है, वही वैश्विक मूल्य शृंखला के निर्णायक बिंदुओं पर प्रभाव रखते हैं। इससे आर्थिक शक्ति की पारंपरिक परिभाषा का विस्तार हुआ है, जिसमें तकनीकी क्षमता और डिजिटल नियंत्रण केंद्रीय तत्त्व बनते जा रहे हैं। इस आर्थिक संरचना ने तकनीकी कंपनियों की भूमिका को भी असाधारण रूप से विस्तारित किया है।

एआइ के विकास ने बड़ी तकनीकी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका प्रदान की है। उनके मंच, क्लाउड नेटवर्क और उन्नत एआइ माडल करोड़ों उपयोगकताओं, वित्तीय लेन-देन और सूचना प्रवाह को संचालित करते हैं। इस कारण उनकी नीतियां और तकनीकी निर्णय अनेक देशों की अर्थव्यवस्था, मीडिया संरचना और यहां तक कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। मगर यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ये कंपनियां पूर्णतः स्वायत्त इकाइयां नहीं हैं। वे राष्ट्रीय कानूनों, डेटा संरक्षण नियमों, प्रतिस्पर्धा आयोगों और निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं से बंधी रहती हैं। अमेरिका और चीन के बीच चल रही तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्नत एआइ चिप और सेमीकंडक्टर उपकरणों के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रण यह दशार्ते हैं कि अंतिम नियामक शक्ति अभी भी राष्ट्र-राज्य के पास है। इसी प्रकार यूरोप में डिजिटल बाजार कानून और डेटा संरक्षण विनियम तकनीकी कंपनियों के संचालन पर प्रभाव डालते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगमित शक्ति और राज्य शक्ति के बीच सीधा प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि एक जटिल अंतर-संबंध विकसित हो रहा है।



> *एआइ के विकास ने बड़ी तकनीकी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका प्रदान की है। उनके मंच, क्लाउड नेटवर्क और उन्नत एआइ माडल करोड़ों उपयोगकताओं, वित्तीय लेन-देन और सूचना प्रवाह को संचालित करते हैं। इस कारण उनकी नीतियां और तकनीकी निर्णय अनेक देशों की अर्थव्यवस्था, मीडिया संरचना और यहां तक कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। मगर यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ये कंपनियां पूर्णतः स्वायत्त इकाइयां नहीं हैं। वे राष्ट्रीय कानूनों, डेटा संरक्षण नियमों, प्रतिस्पर्धा आयोगों और निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं से बंधी रहती हैं। अमेरिका और चीन के बीच चल रही तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्नत एआइ चिप और सेमीकंडक्टर उपकरणों के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रण यह दशार्ते हैं कि अंतिम नियामक शक्ति अभी भी राष्ट्र-राज्य के पास है। इसी प्रकार यूरोप में डिजिटल बाजार कानून और डेटा संरक्षण विनियम तकनीकी कंपनियों के संचालन पर प्रभाव डालते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगमित शक्ति और राज्य शक्ति के बीच सीधा प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि एक जटिल अंतर-संबंध विकसित हो रहा है। वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि निगमित और राज्य के बीच शक्ति संतुलन का नया समीकरण बन रहा है। तकनीकी नवाचार और पूंजी निगमित संरचनाओं में केंद्रित हैं, जबकि वैधानिक अधिकार और सामरिक नीति निर्माण राष्ट्र या राज्य के हाथ में है। भविष्य की कृत्रिम मेधा इसी अंतःक्रिया से आकार ले सकती है, जहां तकनीकी क्षमता और राजनीतिक संप्रभुता एक-दूसरे को प्रभावित करती रहेंगी।*

वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि निगमित और राज्य के बीच शक्ति संतुलन का नया समीकरण बन रहा है। तकनीकी नवाचार और पूंजी निगमित संरचनाओं में केंद्रित हैं, जबकि वैधानिक अधिकार और सामरिक नीति निर्माण राष्ट्र या राज्य के हाथ में है। भविष्य की कृत्रिम मेधा इसी अंतःक्रिया से आकार ले सकती है, जहां तकनीकी क्षमता और राजनीतिक संप्रभुता एक-दूसरे को प्रभावित करती रहेंगी। एआइ का सैन्य और रणनीतिक आयाम इस विमर्श को और गंभीर बनाता है। अनेक देश स्वायत्त या अर्ध स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर शोध कर रहे हैं, जिनमें लक्ष्य पहचानने, निगरानी और निर्णय में सहायता के लिए मशीन लर्निंग आधारित प्रणालियां प्रयोग में लाई जा रही हैं। रक्षा विश्लेषण और खुफिया जांच में एआइ आधारित डेटा प्रोसेसिंग से विशाल सूचना का त्वरित आकलन संभव हुआ है। इससे युद्ध क्षेत्र की समझ और प्रतिक्रिया समय, दोनों प्रभावित होते हैं। जटिल साइबर हमलों की पहचान, नेटवर्क असमानताओं का विश्लेषण और स्वचालित रक्षा तंत्र अब एल्गोरिद्मिक प्रणालियों पर आधारित हैं। दूसरी ओर, आक्रामक साइबर क्षमताओं में भी स्वचालित उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, जिससे डिजिटल अवसंरचना रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन गई है। इसके साथ ही निगरानी प्रणालियों और डेटा विश्लेषण के माध्यम से राज्य अपनी आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों पर अधिक व्यापक नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं। चेहरा पहचान तकनीक, व्यवहार विश्लेषण और संचार निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सार्वजनिक नीति और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का प्रश्न उठाती हैं। इस प्रकार कृत्रिम मेधा केवल आर्थिक शक्ति का साधन नहीं, बल्कि सैन्य और सामरिक संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जो वैश्विक शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है। वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की स्थिति विशिष्ट है। पिछले एक दशक में देश ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का एक ऐसा माडल विकसित किया है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित हुआ है। आधार, यूपीआइ और डिजिटल पहचान तंत्र ने सेवा वितरण, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता में संरचनात्मक बदलाव किया है। यह ढांचा एआइ अनुप्रयोगों के लिए एक आधार प्रदान करता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर डिजिटल लेन-देन और डेटा प्रवाह नवाचार की संभावनाएं खोलते हैं। इसके साथ ही डेटा संप्रभुता का प्रश्न गंभीर होता जा रहा है। यदि भारतीय नागरिकों और संस्थानों से उत्पन्न डेटा का विश्लेषण और मूल्य सृजन किसी विदेशी मंच पर केंद्रित रहता है, तो आर्थिक लाभ और रणनीतिक नियंत्रण दोनों सीमित हो सकते हैं। इसलिए यह बहस केवल गोपनीयता की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक हित से भी जुड़ी हुई है। समकालीन विश्व व्यवस्था एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां शक्ति की परिभाषा विस्तार ले रही है। पारंपरिक रूप से सैन्य क्षमता और क्षेत्रीय प्रभाव को शक्ति का प्रमुख आधार माना जाता रहा है, मगर अब डेटा, एल्गोरिद्म और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना भी उसी श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने चुनौती यह है कि वे एआइ को केवल बाजार शक्ति या सीमित निगमित हित का साधन बनने से कैसे रोकें। पारदर्शिता, नियमन, प्रतिस्पर्धा नीति और सार्वजनिक निवेश के माध्यम से एआइ को व्यापक सामाजिक हित में रूपांतरित किया जा सकता है। यदि ऐसा संतुलन स्थापित होता है, तो तकनीकी प्रगति लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर सकती है। अन्यथा शक्ति का केंद्रीकरण नई असमानताओं को जन्म दे सकता है।

**- (लेखक स्तंभकार हैं और ये उनके व्यक्तिग विचार हैं)।**

# मोजतबा खामेनेई के हाथ आई ईरान की कमान

नीरज कुमार दुबे

हम आपको बता दें कि ईरान में सर्वोच्च नेता का पद देश की सबसे शक्तिशाली संवैधानिक और धार्मिक सत्ता माना जाता है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से यह पद ईरान की राजनीतिक व्यवस्था का केंद्र रहा है। सर्वोच्च नेता न केवल राज्य का सर्वोच्च मार्गदर्शक होता है बल्कि सेना और सुरक्षा तंत्र पर भी उसका सीधा नियंत्रण होता है। अली खामेनेई लगभग 37 वर्षों तक इस पद पर बने रहे और अब उनके बेटे ने उनकी जगह ले ली है। हालांकि मोजतबा खामेनेई का नाम वर्षों से ईरान की सत्ता के पीछे सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में गिना जाता रहा है, लेकिन वह सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देते थे। अपने 55 से अधिक वर्षों के जीवन में उन्होंने अपेक्षाकृत शांत और पर्दे के पीछे रहकर काम करने की रणनीति अपनाई। इसी दौरान उन्होंने ईरान के सुरक्षा तंत्र, धर्मगुरुओं और धनी कारोबारी वर्ग के साथ मजबूत संबंधों का एक विशाल नेटवर्क तैयार कर लिया। साथ ही मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब ईरान पहले से ही युद्ध और अंदरूनी असंतोष से जूझ रहा है। अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई के बाद शुरू हुए संघर्ष ने देश को अस्थिर कर दिया है। दूसरी ओर जनता का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय से शासन के खिलाफ नाराज है। हम आपको याद दिला दें कि हाल के समय में कई बड़े विरोध प्रदर्शन हुए जिनमें हजारों लोग सड़कों पर उतरे। जनवरी में महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों ने जल्दी ही सरकार विरोधी आंदोलन का रूप ले लिया था। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इन प्रदर्शनों में कम से कम सात हजार नागरिक मारे गए।



इसके अलावा, मोजतबा खामेनेई की छवि भी विवादों से घिरी रही है। कई आलोचक उन्हें उस व्यवस्था का प्रतीक मानते हैं जिसके खिलाफ ईरान में जनता का एक वर्ग लगातार आवाज उठा रहा है। उनके पिता के शासनकाल में राजनीतिक विरोधियों और आम नागरिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। ईरान में अमीर राजनीतिक परिवारों के बच्चों के लिए प्रचलित शब्द आगाजादे का इस्तेमाल भी अक्सर मोजतबा के संदर्भ में किया जाता है। मोजतबा खामेनेई की संपत्ति को लेकर भी लगातार चर्चा होती रही है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उनके पास अरबों डॉलर की संपत्ति है और उन्होंने दुनिया के कई देशों में महंगी संपत्तियों का विशाल जाल खड़ा किया है। हालांकि उनकी वास्तविक कुल संपत्ति का सटीक अनुमान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन जांच रिपोर्टों में कहा गया है कि उनके नियंत्रण में लक्जरी घरों और होटलों का बड़ा अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो है। बताया जाता है कि तेहरान से लेकर दुबई और जर्मनी के फ्रैंकफर्ट तक उनकी संपत्तियां फैली हुई हैं। लंदन के बेहद महंगे इलाके बिशप्स एवेन्यू में भी उनके कई आलीशान घरों का जिक्र सामने आया है। इस इलाके को अक्सर अरबपतियों की लाइन कहा जाता है जहां एक एक घर की कीमत करोड़ों यूरो तक होती है। इसके अलावा यूरोप के कई देशों में पांच सितारा होटलों और उच्च श्रेणी की इमारतों में उनके निवेश की खबरें भी सामने आई हैं। रिपोर्टों के अनुसार मोजतबा खामेनेई आम तौर पर अपनी संपत्तियां सीधे अपने नाम पर नहीं रखते बल्कि कंपनियों और वित्तीय मध्यस्थों के जटिल नेटवर्क के माध्यम से निवेश करते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों में तो उनके स्विट्जरलैंड के बैंकों में खाते और ब्रिटेन में करीब 138 मिलियन डॉलर से अधिक कीमत की संपत्ति होने की भी बात कही गई है। कई संपत्तियां ईरानी कारोबारी अली अंसारी के नाम पर खरीदी गई बताई जाती हैं। ब्रिटेन की सरकार ने अली अंसारी को ईरान की इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड को आर्थिक समर्थन देने के आरोप में प्रतिबंधित भी किया था।हम आपको यह भी बता दें कि मोजतबा खामेनेई का जन्म सितंबर 1969 में ईरान के पवित्र शहर मशहद में हुआ था। उन्होंने अपने शुरूआती युवा वर्ष कुम शहर के धार्मिक शिक्षण केंद्रों में बिताए।

ईरान इराक युद्ध के दौरान उन्होंने मोर्चे पर भी समय बिताया और उसी दौर में सुरक्षा प्रतिष्ठान तथा खुफिया तंत्र के कई प्रभावशाली अधिकारियों से उनके संबंध बने। कहा जाता है कि उन्हीं संबंधों ने बाद में उन्हें सत्ता के केंद्र तक पहुंचने में मदद की। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, विशेषज्ञ सभा का यह फैसला ईरान की सत्ता व्यवस्था में एक नए प्रकार की वंशानुगत परंपरा की शुरूआत भी माना जा रहा है। इस्लामी गणराज्य की स्थापना राजशाही के विरोध में हुई थी, इसलिए किसी नेता के बेटे को सर्वोच्च पद मिलना कई धर्मगुरुओं और राजनीतिक वर्ग के भीतर विवाद का कारण बना हुआ है। बताया जाता है कि इस फैसले से पहले सत्ता के शीर्ष नेतृत्व में भी गहरे मतभेद थे और कुछ गुट अंतरिम नेतृत्व परिषद को बनाए रखना चाहते थे।उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही मोजतबा खामेनेई के सर्वोच्च नेता बनने का विरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि खामेनेई का बेटा उन्हें स्वीकार नहीं है और ईरान को ऐसा नेता चाहिए जो देश में शांति और सामंजस्य ला सके। ट्रंप ने यहां तक कहा कि वह चाहते हैं कि ईरान के अगले नेता के चयन में उनकी भी भूमिका हो। दूसरी ओर, मोजतबा खामेनेई के सत्ता में आने से यह संकेत भी मिला है कि ईरान अपनी कठोर विदेश नीति से पीछे हटने वाला नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि वह अपने पिता की नीति को आगे बढ़ाते हुए अमेरिका विरोधी रुख और इस्लामी विचारधारा को प्राथमिकता देंगे। साथ ही यह भी आशंका है कि वह अपने पिता, मां और पत्नी की मौत का बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं जो हालिया हवाई हमलों में मारे गए थे।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**13 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.20 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मेष | 07.51 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.31 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.29 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.42 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.58 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.10 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.21 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.36 ब.से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | धनु | 00.52 बजे से |
| | | मकर | 02.57 बजे से |
| | | कुंभ | 04.43 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 72 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 06.30 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 03.03 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 10.32 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे तदनन्तर वणिज 19.25 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 01'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872647
**जूलियन दिन** 2461112.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8798



**बाएँ से दाएँ**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शौर-4
5. शारीरिक ऊँचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

**शब्द पहेली - 8797 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | सु | रु | चि |
| चा | चा | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | न्त |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | च | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ल |
| नो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| का | न | भ | र | ना | ■ | ह | र | म |
| म | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7732** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7731 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

मिडलाइफ कोई संकट नहीं बल्कि

# महिला की असली ताकत का उदय है : लिसा रे



फिल्म 'कसूर' से भारतीय सिनेमा में लोकप्रियता हासिल करने वाली कनाडाई-भारतीय अभिनेत्री लिसा रे अब भले ही स्क्रीन पर दिखाई नहीं देती हैं लेकिन वे सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं के स्वास्थ्य, उम्र बढ़ने और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर बात करती रहती हैं। लिसा रे ने मंगलवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने विचार व्यक्त किए। इस पोस्ट में उन्होंने मिडलाइफ के बारे में अपने भाव व्यक्त किए। अभिनेत्री ने लिखा, 'जब शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन कम होने लगता है, तो कई बदलाव आते हैं। लोग अब दूसरों को खुश करने की पुरानी आदत छोड़ देते हैं। खुद पर शक करना कम हो जाता है और मन की शांति सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण लगने लगती है। वहीं, अपनी बनाई गई सीमाएं और नियम मजबूत होने लगते हैं। लिसा ने लिखा, 'मिडलाइफ वह दौर है जब हार्मोन के बदलाव के साथ-साथ जिंदगी की बेकार चीजें भी दूर हो जाती हैं। अब कम माफी मांगते हैं, कम खुद को साबित करने की कोशिश करते हैं। अपनी कीमत खुद समझ आती है। जरूरत पड़ने पर साफ 'ना' कहना आसान हो जाता है और जीवन ज्यादा सुकून से जीने लगता है। अपनी बात को खत्म करते हुए अभिनेत्री ने लिखा कि मिडलाइफ कोई संकट या क्राइसिस नहीं है बल्कि यह वह खास समय है जब महिला अपनी असली ताकत के साथ जीना शुरू करती है। यह जीवन की कहानी का दूसरा हिस्सा होता है, जो आखिरकार पूरी तरह उसका अपना होता है। सच तो यह है कि महिलाओं की जिंदगी का यह सबसे महत्वपूर्ण और शक्तिशाली दौर होता है। '


किंग में शाहरुख संग


# काम करने के लिए उत्सुक सौरभ शु ला, बोले- वे कमाल के इंसान हैं





**मुंबई** एक्टर सौरभ शुक्ला ने सुपरस्टार शाहरुख खान की करियर जर्नी और उनकी शानदार पर्सनैलिटी की जमकर तारीफ की है। 'बादशाह' और 'हे राम' जैसी फिल्मों में शाहरुख के साथ काम कर चुके सौरभ अपकमिंग फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे, जिसे लेकर वह उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि शाहरुख की जर्नी शानदार और दूसरों के लिए प्रेरणा है। सौरभ शुक्ला ने बताया, 'शाहरुख की जर्नी शानदार है। इतने सालों से वह इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं और जिस तरह से उन्होंने अपना करियर बनाया है, उस पोजीशन पर पहुंचे हैं, वह वाकई प्रेरणा देता है।' उन्होंने शाहरुख के व्यक्तित्व को लेकर कहा, 'एक इंसान के तौर पर वह हमेशा से बहुत चार्मिंग रहे हैं। आप उनसे मिलते हैं तो बस बात खत्म नहीं करना चाहते। वह अपने काम से प्रभावित करते हैं और बातचीत के दौरान आपको बहुत महत्व और खास महसूस कराते हैं। सौरभ ने आगे बताया, 'शाहरुख में लोगों से जुड़ने की खास काबिलियत है। बात करते वक्त ऐसा लगता है कि इस बातचीत में मेरी भी जरूरत है। यही अपनापन उन्हें सच में कमाल का बनाता है। वह बहुत कमाल के हैं।' 'किंग' एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें शाहरुख खान जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। फिल्म में शाहरुख खान, सौरभ शुक्ला के साथ अभिषेक बच्चन, दीपिका पादुकोण, शाहरुख की बेटी सुहाना खान और जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने इसी साल जनवरी में 'किंग' की झलक दिखाते हुए प्रोमो जारी किया था, प्रोमो में शाहरुख खान जबरदस्त एक्शन करते नजर आए।





# अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी ने लिया ब्रेक

### कुछ समय के लिए बंद किया यूट्यूब चैनल

अर्चना पूरन सिंह अपने फैमिली यूट्यूब चैनल 'आप का परिवार' से ब्रेक ले रही हैं। अपने आखिरी वीडियो में अर्चना और उनके परिवार ने इस बात की जानकारी फैंस के साथ साझा की है।

अर्चना पूरन सिंह का परिवार अक्सर अपने यूट्यूब वीडियो के जरिए अपने फैंस के साथ संपर्क में रहता है। मगर अब वो कुछ दिनों के लिए अपने चैनल 'आप का परिवार' से ब्रेक ले रहे हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में इस खबर को अपने फैंस के साथ साझा किया। साथ ही यह भी बताया कि वो जल्द ही कुछ नया लेकर आएंगी।

### अपने यूट्यूब चैनल से ब्रेक लेकर करेंगे कुछ

अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी कई साल से दर्शकों का मनोरंजन करते आए हैं। 2024 के अंत में इन्होंने अपने बेटे आर्यमन सेठी के साथ मिलकर यूट्यूब चैनल शुरू किया था। इस चैनल को दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इसके बाद चैनल मिलियन फॉलोअर्स हिट कर गया था। मगर अब सेठी परिवार ने इससे ब्रेक लेने का फैसला किया है। अर्चना ने अपने फैंस को बताया कि वो अब इस चैनल पर वीडियो पोस्ट नहीं करेंगी।

### अर्चना ने बताया कहां देख सकेंगे फैंस

बीते मंगलवार अर्चना ने अपने वीडियो में कहा कि ' यह कोई दुखद खबर नहीं है, मगर हमें ऐसा लगता है कि इसे हमें अपने फैंस के साथ साझा करना चाहिए। हमने यूट्यूब चैनल को एक साल पहले शुरू किया था। मगर अब हम थोड़ा आराम करना चाहते हैं। कुछ हफ्तों के लिए हम इससे दूरी बना रहे हैं। उम्मीद है कि जब हम वापस आएंगे तो आप सब हमारे साथ वैसे ही फिर से जुड़ जाएंगे।' साथ ही अर्चना ने कहा कि फैंस उनके वीडियो अब उनके बेटे आर्यमन के चैनल पर देखे सकेंगे।

'द 50' से बाहर होने के बाद

# निकी तंबोली ने की क्रिप्टिक पोस्ट



निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। जानिए, अपनी पोस्ट में निकी तंबोली ने क्या कहा? और कौन से प्रतियोगी पर वह निशाना साधा रही हैं।

### अपनी पोस्ट में निकी तंबोली ने लिखा

निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।'

# 63 साल की उम्र में राधिका सरथकुमार ने रचा इतिहास



**राधिका सरथकुमार की फिल्म 'थाई किझवी' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। इस फिल्म ने दुनियाभर में करोड़ों की कमाई कर कमाल कर दिया है।**

63 साल की उम्र में राधिका सरथकुमार ने अपने अभिनय से कमाल कर दिखाया है। उनकी तमिल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'थाई किझावी' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह फिल्म बिना किसी पुरुष कलाकार के सफल हुई है।

**50 करोड़ रुपये का आंकड़ा किया पार:** यह सफलता इसलिए खास है क्योंकि तमिल सिनेमा को इस साल कोई बड़ी हिट फिल्म की जरूरत थी और यह फिल्म बिना किसी बड़े हीरो के आई है। स्ड्डष्ठ्ठद्बद्यद्म के अनुसार, इस फिल्म ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

**'थाई किझवी' का अब तक का कलेक्शन:** पहले दिन भारत में 'थाई किझवी' ने 2.65 करोड़ रुपये कमाए। वीकेंड में कमाई बहुत बढ़ी और शनिवार को 5 करोड़ और रविवार को 6.15 करोड़ रुपये की कमाई हुई। बाकी दिनों में भी रोज 1.7 करोड़ से ज्यादा कमाई होती रही। दूसरे हफ्ते में भी फिल्म का प्रदर्शन अच्छा रहा। वहीं इस फिल्म ने अब तक दुनियाभर में 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।




# निकिता दत्ता ने

## ऋषिकेश में ट्रेकिंग के लिए परिवार के साथ जाने की दी सलाह

'ज्वेल थीफ' और 'कबीर सिंह' जैसी फिल्मों में काम कर मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बना चुकी अभिनेत्री निकिता दत्ता हाल ही में उत्तराखंड के ऋषिकेश में एक रोमांचक ट्रेकिंग ट्रिप पर गई थीं। वहां पर उन्होंने ट्रेकिंग और खूबसूरत वादियों का जमकर आनंद लिया। अभिनेत्री ने अपने वेकेशन की कुछ झलक सोशल मीडिया पर शेयर की। वीडियो में वे ऋषिकेश के मनमोहक नजारों में ट्रेकिंग करती नजर आ रही हैं। निकिता ने आरामदायक ट्रेकिंग कपड़े पहने हैं। वे शांत और रिलैक्स अंदाज में पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता को एक्सप्लोर करती हुई और बीच-बीच में आराम भी करती नजर आईं। वहीं, पोस्ट में उन्होंने सभी से परिवार के साथ ट्रेकिंग करने की सलाह दी, ताकि माता-पिता या घरवाले चिंता न करें और सब मिलकर मजा ले सकें। उन्होंने लिखा, 'प्रो टिपः जब आप एडवेंचर करना चाहें तो घरवालों को परेशान न करने का एक ही तरीका है। उन्हें साथ ले जाएं। अगर आप ऋषिकेश में हैं तो सिंगटाली हाइक जरूर करें, मैं इसकी सराहना करती हूं। बता दें कि भले ही आज के समय में निकिता सिनेमा में सक्रिय हैं, लेकिन उन्होंने करियर की शुरुआत टेलीविजन इंडस्ट्री से की थी। उन्होंने साल 2014 में 'लेकर हम दीवाना दिल' फिल्म से डेब्यू किया। टीवी की दुनिया में उन्होंने 2015 में 'ड्रीम गर्ल' से शुरुआत की और 2016 में 'एक दूजे के वास्ते' से पहचान बनाई। बाद में उन्होंने 'गोल्ड' (2018), 'कबीर सिंह' (2019), 'द बिग बुल', और 'डिब्बुक' (2021) जैसी फिल्मों में काम किया। वह वेब सीरीज 'खाकी : द बिहार चैप्टर' (2022) में भी नजर आईं। निकिता दत्ता मराठी फिल्मों में भी सक्रिय हैं। उन्होंने हाल ही में 'घरत गणपति' में शानदार काम किया था, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला था।

'आज मैं पिता बना हूं...'

# रणदीप हुड्डा के घर में गूंजी किलकारी, पत्नी लिन ने बेबी गर्ल को दिया जन्म



**बॉलीवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा के घर खुशियों ने दस्तक दी है। दरअसल, उनकी पत्नी लिन लैशराम ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। इस खबर के सामने आते ही परिवार और फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। इस खुशखबरी को रणदीप हुड्डा ने खुद सोशल मीडिया के जरिए साझा किया। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में उनके पिता अपनी पोती को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटो में उनके चेहरे पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही है। तस्वीर के ऊपर तारीख लिखी हुई है - 10 मार्च 2026, जो इस बात की ओर इशारा करती है कि इसी दिन उनकी बेटी का जन्म हुआ है। दूसरी तस्वीर ब्लैक एंड व्हाइट है और उसमें नवजात बच्ची का छोटा सा मुट्ठी बंद हाथ नजर आ रहा है। यह तस्वीर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। इन तस्वीरों के साथ रणदीप हुड्डा ने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'दादाजी और पोती को जन्मदिन की घणी बधाई। आज जब मैं खुद पिता बना हूं, तो पापा के लिए मेरा सम्मान और भी गहरा हो गया है, और सबसे जरूरी बात - लिन, मुझे पिता बनाने और हमारी छोटी बच्ची को इस दुनिया में लाने के लिए धन्यवाद। एक छोटी बच्ची और जिंदगी भर का प्यार। जैसे ही यह पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आया, फैंस ने कमेंट सेक्शन में बधाइयों की झड़ी लगा दी। कई लोगों ने 'कॉन्ग्रैचुलेशन्स', 'गॉड ब्लेस द बेबी', और 'नई जिंदगी की शुरुआत के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं' जैसे कमेंट्स किए। कुछ फैंस ने बच्ची को 'लिटिल एंजल' और 'प्रिंसेस' कहकर अपनी खुशी जाहिर की।

## बिहार में राजग की डबल इंजन सरकार है, जो देश का सबसे गरीब राज्य है : तेजस्वी यादव

एजेंसी



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा तंज कसा है।तेजस्वी यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, बिहार एक अनोखा और अनूठा प्रदेश है जहां दशकों से राजग की डबल इंजन सरकार है, जो देश का सबसे गरीब राज्य है।

तेजस्वी ने आगे लिखा कि देश में सबसे अधिक पलायन-बिहारदेश में सबसे अधिक अपराध- बिहारदेश में सबसे अधिक भ्रष्टाचार- बिहारदेश में सबसे अधिक बेरोजगारी- बिहारदेश में सबसे अधिक बहुआयामी गरीबी-बिहारदेश में सबसे अधिक स्कूल ड्राप आउट- बिहारदेश में सबसे कम साक्षरता दर- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय-बिहारदेश में सबसे कम किसानों की आय- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति निवेश- बिहारदेश में सबसे कम प्रति व्यक्ति उपभोग- बिहारदेश में सबसे कम कंप्यूटर साक्षरता- बिहारदेश में सबसे कम बिजली खपत- बिहारदेश में सबसे कम बुनियादी सुविधा- बिहारदेश में सबसे कम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा- बिहारदेश में सबसे कम औद्योगिक इकाइयां- बिहारदेश में सबसे कम स्कूलों में कंप्यूटर और आईसीटी लैब- बिहारदेश में विकास के सभी सूचकांक में सबसे फिसड्डी- बिहारदेश में शिक्षा-स्वास्थ्य सेवा/सुविधा में सबसे फिसड्डी- बिहार तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में महंगाई का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महंगी गैस खरीदने में बिहार आगे है। महंगी बिजली खरीदने में आगे बिहार आगे है। महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदने में बिहार आगे है। साथ ही, दिल्ली-मुंबई से महंगी प्रॉपर्टी और जमीन बिहार में बिकती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार की ऐसी तस्वीर राजग सरकार के 21 सालों में बनी है।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा, "21 वर्षों की राजग सरकार में बिहार विकास के सभी मानकों, मानदंड और सूचकांक में सबसे फिसड्डी है लेकिन इन शर्मनाक तथ्यों और रैंकिंग पर किसी की कभी कोई जवाबदेही नहीं, बस पलटा-पलटी, प्रशासनिक तंत्र, सरकारी खजाने से वोट खरीदी, वोट की लूट और जातिवाद के सहारे कथित सुशासनी लोग सत्ता का आनंद भोग रहे है।

## अमृत भारत जंक्शन पर आरपीएफ ने अवैध दुकानदारों के विरुद्ध की कार्रवाई, सात गिरफ्तार

एजेंसी



**सहरसा।** बिहार में सहरसा रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में अवैध दुकानदारों पर रेल प्रशासन द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई हुई।आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पूरे रेल परिक्षेत्र में स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत अनाधिकृत रूप से अवैध दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चालते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट, रेल परिसर, प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य व पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। कुल 07 व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत कार्यवाही किया गया अभी यह कार्रवाई आगे जारी रहेगी।ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट ,रेल परिसर,प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य/पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म मामले में एक को दस वर्ष की सजा

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के मोतिहारी में अनन्य विशेष न्यायालय रेप एंड पॉस्को के विशेष न्यायाधीश मिथिलेश कुमार ने एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास एवं बीस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा गुरुवार को सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर 15 दिनों की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा मलाही थाना के मिश्रा टोला तेजपुरवा निवासी नूर आलम के पुत्र बुलेट आलम को हुई। वहीं पीड़िता को पीड़ित घोषित करते हुए विक्टिम कंपनसेशन स्कीम 2019 के तहत छह लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दिए। मामले में पीड़िता के लिखित आवेदन पर मलाही थाना कांड संख्या 11/2013 दर्ज हुई थी। जिसमें नामजद अभियुक्तों के अलावें दो नाबालिक भी नामजद किया गया था। जिसमें कही थी कि 1 मार्च 2013 की संध्या 6.30 बजे अपने दोस्त से मिलने जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में नामजद तीनों युवक घेर कर उसके साथ मारपीट किए तथा बगल के सरसों के खेत में ले जाकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म किए। पुलिस ने 25 मई 2023 को प्राथमिकी में नामजद तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया था। पॉस्को वाद संख्या 44/2023 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक पुष्पा दुबे ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन साक्ष्य रखा।

### सचिव ने किया बुनियाद केंद्रों में सीएससी सेवाओं का शुभारंभ

**बक्सर।** समाज कल्याण विभाग की पहल के तहत गुरुवार को बक्सर और डुमरांव स्थित बुनियाद केंद्रों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ हुआ। विभागीय सचिव वंदना प्रेयसी ने इन केंद्रों का उद्घाटन कर लोगों के लिए नई सुविधा की शुरूआत की। इस पहल के बाद अब बुनियाद केंद्र एक ह्यएकीकृत सेवा प्रदाता केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। यहां आने वाले लाभार्थियों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। इन केंद्रों पर समाज कल्याण विभाग से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं के साथ-साथ जीवन प्रमाणीकरण, पेंशन संबंधी सेवाएं तथा अन्य सरकारी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया पहुंचे

# विकास योजनाओं व धार्मिक कॉरिडोर की घोषणा की

एजेंसी




**पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया पहुंचे। वे हेलीकॉप्टर से पूर्णिया एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से सीधे माता पूरण देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद वे लगभग 11:30 बजे रंगभूमि मैदान पहुंचे, जहां आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं व कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही राजग के सभी जिला अध्यक्षों ने मखाने की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मंच पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका, रूपौली विधायक कलाधर मंडल, बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब उन्हें बिहार की जिम्मेदारी मिली थी, तब राज्य की स्थिति काफी खराब थी। कानून-व्यवस्था से लेकर सड़क, बिजली और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने बताया कि सात निश्चय योजना, हर घर नल का जल, जीविका दीदियों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर पांच वर्षों में लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिजली और सड़कों के बाद बिहार में उद्योगों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है और राज्य में औद्योगिक क्रांति लाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों की सड़कों को चौड़ा किया जाएगा तथा कई नई फोरलेन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने धमदाहा से पूर्णिया तक फोरलेन सड़क बनाने की योजना का भी उल्लेख किया। साथ ही पटना से पूर्णिया तक एक्सप्रेस हाईवे बनाने की दिशा में भी कार्य किए जाने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि माता पूरण देवी मंदिर और मां कामाख्या मंदिर को जोड़ते हुए एक धार्मिक कॉरिडोर विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और आस्था दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने मखाना बोर्ड के गठन को लेकर भी चर्चा करते हुए कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार से बातचीत की जा रही है, ताकि मखाना उत्पादकों को बेहतर लाभ मिल सके।

## पार्टी व नीतीश सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचान हमारा लक्ष्य : राजकिशोर दांगी



**नवादा।** नवादा जिला जनता दल के अध्यक्ष पद पर जिला पार्षद राज किशोर दांगी को को गुरुवार को मनोनीत किया गया है। जिससे कार्यकताओं में उल्लास देखा जा रहा है ।सैकड़ो कार्यकताओं ने राजकिशोर दागी के मनोनयन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें पार्टी के लिए बेहतर बताया है। अपने मनोनयन के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजकिशोर डांगी ने कहा कि पार्टी तथा नीतिश सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। ताकि विकसित बिहार के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन पर भरोसा जताकर जिला अध्यक्ष का कमान दिया है। इसके लिए उनका दायित्व है कि पार्टी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। ताकि पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी चुनाव में जनता दल यूनाइटेड का परचम लहरा जा सके। उन्होंने कहा कि जल्दही वरिष्ठ साथियों के सहयोग से जिला कमेटी की भी घोषणा कर दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि जितने पुराने तथा समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हें अहम जिम्मेदारी दी जाएगी ।ताकि पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंच कर जल्द ही कल्याणकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाय जा सके।

## जिलाधिकारी ने बैठक कर की विकास कार्यों की समीक्षा



**भागलपुर।** जिले के समग्र विकास को लेकर जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को समीक्षा भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने की। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, सरकारी परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक जिन भी योजनाओं के कार्य अभी तक लंबित हैं, उन्हें हर हाल में एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि एक सप्ताह के बाद फिर से इन सभी योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की जाएगी और जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं होगी, उनसे जवाब भी मांगा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करते हुए आम लोगों को उसका लाभ सुनिश्चित किया जाए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे विकास कार्यों को गति देना, लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करना और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना बताया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान

**भागलपुर।** बिहपुर राजग कार्यालय में गुरुवार को भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार आयोजित खरीक उत्तरी मंडल के पार्टी पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 में भाग लिया। उद्घाटन और विषय प्रवेश बिहपुर विस के भाजपा विधायक ई.शैलेंद्र और प्रथम सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह और संचालन प्रो गौतम ने किया। विधायक ई.शैलेंद्र समेत दिनेश यादव, प्रो गौतम, अजीत चौधरी, डॉ प्रीति शेखर, महंत नवलिशोर दास, रूपेश रूप आदि ने कार्यक्रम के दौरान पांचो सत्र में क्रमवार भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान, संगठन का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां, इंटरनेट मीडिया और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित एक सशक्त संगठन है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण को और अधिक गहराई से समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

## त्रिवेणीगंज में हार्डवेयर दुकान में चोरी, 1.10 लाख रुपये नकद समेत सामान ले उड़े चोर

एजेंसी

**सुपौल।** सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज स्थित एनएच-327 मेन रोड के दक्षिण भाग में एक हार्डवेयर दुकान में चोरों के गिरोह ने बुधवार की रात बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के ऊपर लगे टीन के चदरा को हटाकर अंदर प्रवेश किया और एक लाख दस हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद वार्ड संख्या-16, ग्राम नरहा निवासी मो. फिरोज की रॉयल हार्डवेयर नामक दुकान मेन रोड त्रिवेणीगंज में एक्सिस एटीएम के पूरब तथा अग्रवाल इलेक्ट्रॉनिक के सामने स्थित है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह बुधवार रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे दुकान खोलने पर कैश काउंटर का ताला टूटा हुआ मिला। जब उन्होंने दुकान और गोदाम की जांच की तो देखा कि गोदाम के ऊपर लगा टीन का चदरा उखड़ा हुआ है। इसी रास्ते चोर दुकान में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

## बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल सैयद अता हसनैन पहुंचे पटना

**14 मार्च को पदभार ग्रहण करेंगे**

एजेंसी



**पटना।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अवकाश प्राप्त) सैयद अता हसनैन गुरुवार को दोपहर पटना पहुंचें। एयरपोर्ट से सीधे वह लोकभवन गए। । वहां उनके स्वागत की तैयारी पहले से ही की गई थी। लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन 14 मार्च को बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू उन्हें लोकभवन में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, न्यायपालिका के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

राज्य सरकार की ओर से उनके स्वागत और शपथ ग्रहण समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ले. जनरल सैयद अता हसनैन वर्तमान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की जगह लेंगे। आरिफ मोहम्मद खान का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब राज्य की जिम्मेदारी ले. जनरल हसनैन संभालेंगे। बिहार के प्रशासनिक और संवैधानिक प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारियों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपने सैन्य जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है और देश की सेवा में अहम योगदान दिया है। सेना में रहते हुए उन्होंने कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नेतृत्व किया और अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया।

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

एजेंसी

**पश्चिम चम्पारण(बगहा)।** जिला प्रशासन, पश्चिम चम्पारण के तत्वावधान में बगहा-01 प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की सात निश्चय-3 योजना के तहत आमजन का जीवन आसान बनाने के लिए कई पहल की गई हैं।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी और कर्मी आमजन से मिलने के लिए उपलब्ध रहेंगे, ताकि लोग अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुँचा सकें और उनका त्वरित समाधान हो सके। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 28 स्टॉल लगाए गए, जिनमें सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, स्वास्थ्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, आरटीपीएस, राजस्व, जीविका, आईसीडीएस, सहकारिता, श्रम संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण, डीआरसीसी, विद्युत और उद्योग विभाग सहित अन्य विभाग शामिल रहें।

कार्यक्रम में 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें से कई आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को त्वरित राहत मिली और योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। वहीं आईसीडीएस स्टॉल पर एक बच्चे का अन्नप्राशन भी कराया गया।

## वर्ष 2005 से पहले बिहार में चलता था अपहरण उद्योग, पूर्णिया था केंद्र : सम्राट चौधरी

एजेंसी




**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में अपहरण उद्योग चलता था और उसका केंद्र पूर्णिया हुआ करता था। उस समय अपराधी वारदात को अंजाम देकर पूर्णिया और सीमांचल के रास्ते दूसरे राज्यों और पड़ोसी देशों की ओर भाग जाते थे। जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में न्याय के साथ विकास और सुशासन की एनडीए सरकार बनी, तब अपराधियों को चुन-चुनकर जेल भेजने का काम किया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान पूर्णिया और कटिहार पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्णिया के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। वो गांवों में भी बेफिक्र होकर रहती हैं। 2005 से पहले बिहार में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव था। उस समय गांवों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं नहीं थीं, जिसके कारण लोगों को पलायन करना पड़ता था। तब राज्य में केवल छह हजार किलोमीटर सड़कें थीं और कहा जाता था- सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने करीब 1 लाख 40 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया है। बिहार का बजट कभी छह हजार करोड़ रुपये था, वह आज बढ़कर लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में बिजली के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2005 से पहले बिहार में केवल 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे, अब 2 करोड़ 16 लाख हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति 125 यूनिट मुफ्त दी जा रही है।

## आदतों में सकारात्मक सुधार ही सच्चा भजन है : राजन जी महाराज

एजेंसी



**सीवान।** सीवान नगर के वीएमएचई इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान जब उन्होंने सोहर राजा जी खजनवा दे द, रानी जी गहनवा दे द की प्रस्तुति दी तो पूरा पंडाल भक्ति भाव से झूम उठा। राजन जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के चूड़ाकर्म, नामकरण और यज्ञोपवीत संस्कार के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म के बाद पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया था और प्रभु के नाम का स्मरण मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। नामकरण संस्कार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राम आनंद के स्वरूप, भरत प्रेम की मूर्ति, लक्ष्मण सेवा के प्रतीक और शत्रुघ्न मौन के पात्र हैं। प्रवचन के दौरान राजन जी महाराज ने कहा कि भगवान का भजन करना कठिन नहीं है। यदि व्यक्ति अपनी बुरी आदतों को सुधार ले तो वही सच्चा भजन है।

# चुनाव में जीतने वाली पार्टी के अध्यक्ष बोले - भारत के साथ मजबूत करेंगे संबंध

एजेंसी



**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने अपनी पार्टी की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीतिइ के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीत ली हैं जिससे वह बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। पार्टी ने आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 49,74,957 वोट हासिल किए। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को उनकी शुभकामनाओं और नेपाल की जनता के लोकतांत्रिक जनादेश को मान्यता देनेइ के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी जिसमें आरएसपी विकास केंद्रित कूटनीतिइ को प्राथमिकता देगी। आरएसपी नेता ने कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नयी ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लामिछाने और बालेंद्र शाह को उनकी चुनावी जीत पर बधाई देते हुए दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए उनके साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता जताई। शाह नेपाल के पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और वह सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी होंगे। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे संयुक्त प्रयासों से भारत और नेपाल के संबंध आने वाले वर्षों में नए आयाम छुएंगे। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीट हैं। इनमें से 165 सदस्य फर्स्ट पास्ट द पोस्टइ (एफपीटीपी) या प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत निर्वाचित होते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है।

## इट हाउस के पास कार ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ा, सड़कों को बंद किया गया

**वॉशिंगटन डीसी , एजेंसी।** वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास बुधवार तड़के एक वैन( कार ) ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ दिया, जिसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया। घटना लाफायेट स्क्वायर के पास हुई। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने कहा कि संदिग्ध वाहन की जांच की जा रही है। ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ हो रही है। घटना के बाद व्हाइट हाउस के आसपास की कई प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यातायात प्रभावित हुआ। मामले की जांच जारी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि सरकार पहले से यह तय नहीं बता सकती कि यह संघर्ष कितनी दूर तक जाएगा।

## जापान का कानून : अब पति-पत्नी रख सकेंगे अलग-अलग सरनेम

**टोक्यो।** जापान एक ऐसा देश है, जहां पति-पत्नी को एक समान सरनेम रखना जरूरी होता है। जापान का यह एक सरनेम वाला कानून 125 साल पुरानी परंपरा बताई जाती है, जिसे 1898 के सिविल कोड के तहत लागू किया गया था। इस नियम के अनुसार, शादी करने वाले जोड़ों को कानूनी रूप से एक ही पारिवारिक नाम यानी सरनेम अपनाना अनिवार्य होता है। हालांकि, अब इस कानून में ढील दी गई। कानून यह नहीं कहता कि सिर्फ पत्नी ही अपना नाम बदलेगी। पति-पत्नी दोनों में से कोई भी अपना सरनेम बदलकर एक समान कर सकता है। लेकिन जापान के पारंपरिक समाज में लगभग 95 मामलों में महिलाओं को ही अपना मायके का नाम छोड़कर पति का सरनेम अपनाना पड़ता है। इस कानून के खिलाफ हाल के वर्षों में जापान में बड़े पैमाने पर विरोध और कानूनी लड़ाइयां शुरू हुई हैं। कामकाजी महिलाओं का तर्क है कि शादी के बाद नाम बदलने से उनके करियर की पहचान, प्रोफेशनल डिग्री और पासपोर्ट जैसे दस्तावेजों में भारी उलझन पैदा होती है। बढ़ते विरोध को देखते हुए जापान सरकार ने इस कानून में बदलाव करने का आश्वासन दिया। अब जापानी सरकार चयनात्मक उपनाम प्रणाली पर विचार कर रही है, ताकि जोड़े अपनी मर्जी से यह तय कर सकें कि उन्हें एक ही नाम रखना है या अपनी पुरानी पहचान बरकरार रखनी है। जापान में 1898 से एक कानून चला आ रहा है, जिसे कुंसेई सिस्टम का हिस्सा माना जाता है। इसके मुताबिक, शादी के बाद पति और पत्नी का सरनेम एक ही होना कानूनी रूप से अनिवार्य है। आप शादी के रजिस्ट्रेशन के वक्त अलग-अलग सरनेम नहीं लिख सकते। अगर आप अलग नाम रखना चाहते हैं, तो आपकी शादी को कानूनी मान्यता नहीं मिलेगी। पूरी दुनिया में जापान इकलौता ऐसा विकसित देश बचा है, जहां यह नियम इतना सख्त है। हाल ही में एक जापानी प्रोफेसर ने बताया कि चूंकि जापान में लोग एक ही सरनेम अपना रहे हैं, तो धीरे-धीरे बाकी छोटे सरनेम खत्म होते जा रहे हैं। अगर यह कानून नहीं बदला, तो साल 2531 तक जापान के हर एक नागरिक का सरनेम सातो हो जाएगा। यानी पूरा देश एक ही नाम से जाना जाएगा।

## नॉर्थ कोरिया में क्रूज मिसाइल टेस्ट, किम जोंग उन ने बेटी के साथ देखी फायरिंग

**प्योंगयांग, एजेंसी।** नॉर्थ कोरिया के लीडर किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ नेवी का स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइल टेस्ट देखा। सरकारी मीडिया ने बताया कि यह मिसाइलें चो ोन नाम के वॉरशिप से दागी गईं। मिसाइल परीक्षण उस समय हुआ है जब अमेरिका और साउथ कोरिया जॉइंट सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी तस्वीरों में किम जोंग उन और उनकी बेटी एक कॉन्फ्रेंस रूम में स्क्रीन पर मिसाइल फायरिंग देखते दिखाई दिए। रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइलों ने देश के पश्चिमी तट के पास टारगेट आइलैंड पर हमला किया। किम जोंग उन ने कहा कि ये टेस्ट नौसेना की स्ट्रेटेजिक स्ट्राइक कैपेबिलिटी दिखाने और सैनिकों को हथियारों के इस्तेमाल की ट्रेनिंग देने के लिए किए गए। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार किम जोंग की बेटी किम जू ऐ, जिनकी उम्र करीब 13 साल बताई जाती है, 2022 के बाद से कई सैन्य परेड और हथियार परीक्षण कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आ चुकी हैं। नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस के अनुसार, किम जोंग उन उन्हें अपना संभावित उत्तराधिकारी बना सकते हैं। 3 घंटे तक हवा में उड़ती रही मिसाइलें यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया में परमाणु हथियारों को लेकर चिंता बढ़ी हुई है। हाल ही में अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए हैं ताकि वह परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल न कर सके। रिपोर्ट के मुताबिक, नंबर-51 चोए ेन नाम के नए डिस्ट्रॉयर से नम्फो तट के पास कई क्रूज मिसाइलें तेजी से दागी गईं। ये मिसाइलें कोरिया के पश्चिमी समुद्र के ऊपर करीब 3 घंटे तक उड़ती रहीं और फिर द्वीपों पर बने टारगेट को निशाना बनाया। स्टेट टीवी के वीडियो में दिखा कि जहाज के पिछले हिस्से में लगे वर्टिकल लॉन्च सिस्टम से छह मिसाइलें तेजी से पश्चिम दिशा में दागी गईं। इससे पहले 4 मार्च को हुए परीक्षण में इसी जहाज से पांच मिसाइलें दागी गई थीं।



## संक्षिप्त समाचार

### इराक के बसरा बंदरगाह पर हमला, तेल केंद्रों पर कामकाज रुका

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के बसरा बंदरगाह पर एक बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद देश के सभी तेल केंद्रों पर कामकाज रोक दिया गया है। इराक की सरकारी पोर्ट कंपनी के महानिदेशक फरहान अल-फरतौसी ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह हमला फारस की खाड़ी में बसरा बंदरगाह के पास एक जहाज पर हुआ। जिस समय हमला हुआ, उस समय जहाज से सामान दूसरे जहाज पर भेजा जा रहा था। अभी यह साफ नहीं है कि हमला ड्रोन से हुआ या मिसाइल से। यह भी पता नहीं चला है कि हमला हवा से हुआ या पानी से। बचाव दल ने मौके से एक शव बरामद किया है और 38 अन्य लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इराक के व्यापारिक बंदरगाह अभी खुले हैं। लेकिन तेल से जुड़े सभी टर्मिनलों को बंद कर दिया गया है।

### ईरान पर सैन्य कार्रवाई सही? घर में घिरे ट्रंप, सर्वे में अमेरिका के लोगों का चौंकाने वाला खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता की राय बंटी हुई है। नए सर्वे बताते हैं कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं और उन्हें डर है कि इससे देश पहले से अधिक असुरक्षित हो सकता है। राजनीतिक ध्रुवीकरण भी साफ दिख रहा है जहां रिपब्लिकन मतदाता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के साथ खड़े हैं, वहीं डेमोक्रेट और स्वतंत्र मतदाता चिंता और विरोध में हैं। सर्वे रिपोर्ट में क्या सामने आया क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी के सर्वे में लगभग 53% रजिस्टर्ड वोटर्स ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध किया, जबकि 40% ने समर्थन किया और 10% ने स्पष्ट राय नहीं दी। इप्सोस, वाशिंगटन पोस्ट और ष्ह्ह के सर्वे में भी यही रुझान दिखा कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं। इसके विपरीत, फॉक्स न्यूज के सर्वे में मत लगभग बराबर बंटा हुआ दिखा, जहां आधे मतदाताओं ने समर्थन किया और आधे ने विरोध। सुरक्षा और तेल की कीमतों को लेकर चिंता क्विनिपियाक के सर्वे में 55% लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान ने अमेरिका के लिए तत्काल कोई सैन्य खतरा पैदा किया। वहीं, फॉक्स न्यूज के सर्वे में 60% मतदाताओं ने माना कि ईरान अमेरिका के लिए वास्तविक खतरा है। अमेरिकियों को तेल और गैस की कीमत बढ़ने का डर भी सताता है। इप्सोस के 6-9 मार्च सर्वे में लगभग दो-तिहाई लोगों ने कहा कि आने वाले एक साल में पेट्रोल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। रिपब्लिकन मतदाताओं में भी इस बात की चिंता देखी गई। अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा और विश्वास क्विनिपियाक और फॉक्स न्यूज के अनुसार लगभग आधे मतदाता मानते हैं कि ईरान पर सैन्य कार्रवाई से अमेरिका कम सुरक्षित हो सकता है, जबकि लगभग 30% का मानना है कि इससे देश सुरक्षित हुआ। ष्ह्ह के सर्वे में करीब 60% लोगों ने ट्रंप पर भरोसा कम या बिल्कुल नहीं होने की बात कही। शिकागो यूनिवर्सिटी के एनओआरसी सर्वे में भी 56% अमेरिकी विदेशों में सैन्य कार्रवाई को लेकर ट्रंप के फैसलों पर भरोसा कम दिखा रहे हैं। जमीनी सैनिक भेजने को लेकर मत क्विनिपियाक के सर्वे में तीन-चौथाई मतदाता ईरान में अमेरिकी जमीनी सैनिक भेजने के खिलाफ हैं। केवल 20% लोग इस कदम के पक्ष में हैं। रिपब्लिकन मतदाताओं में भी 52% सैनिक भेजने के खिलाफ हैं, जबकि 37% इसका समर्थन करते हैं। हाल ही में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत की खबर ने सार्वजनिक चिंता बढ़ा दी है।

## सीएम योगी ने पाटेश्वरी मंदिर में की पूजा- अर्चना, बोले -

# छांगुर जैसे कालनेमि को पनपने नहीं देंगे

एजेंसी



**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के बलरामपुर दौरे पर हैं। गुरूवार सुबह तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर के गर्भगृह में जाकर विधिवत पूजन किया। और लोक कल्याण की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर का भ्रमाण कर चैत्र नवरात्रि के पूर्व की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले बुधवार शाम को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। शक्तिपीठ पहुंचने पर पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने सीएम योगी का स्वागत किया।

**पाटेश्वरी मंदिर में पूजा, निर्माण कार्यों का दौरा :** इस दौरान सीएम ने सभी का हालचाल लिया सबका कुशलक्षेम पूछा। पुलिस लाइन से सीएम योगी का काफिला उनके ड्रीम प्रोजक्ट निमार्णाधीन मां पाटेश्वरी विवि कैम्पस में पहुंचा। सीएम ने एक-एक कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कुलपति प्रो रविशंकर सिंह ने उन्हें निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी, जिस पर सीएम संतोष जताया। निरीक्षण के उपरान्त सीएम योगी ने कहा कि कार्यदायी संस्था हर हाल में मई तक विवि का निर्माण कार्य पूरा कर दे। उन्होंने विश्वविद्यालय से जुड़े कुलपति व अन्य अधिकारियों से पूरा विवरण लिया। साथ ही उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया सीएम ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी मई माह तक हर हाल में विश्वविद्यालय निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाए। सीएम ने यह भी कहा कि विवि निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि यह विवि शिक्षा के क्षेत्र में पूर देवीपाटन मंडल सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

बलरामपुर कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद उन्होने कहा कि धर्मान्तरण के आरोपी छांगुर जैसे कालनेमि को दोबारा नहीं पनपने देंगे। उसके जैसा व्यक्ति इस दोबारा न पनपने पाए, इसके लिए आम लोगों के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क रहना होगा। छांगुर जैसे कालनेमि को पनपने नहीं देंगे- योगी : सीएम योगी ने कहा कि छांगुर जैसे कालनेमि ने पूरे देश में न सिर्फ सनातनियों पर कुठाराघात किया, बल्कि तमाम महिलाओं और बेटियों के साथ गलत व्यवहार कर उनका जबरन धर्मान्तरण कराया। ऐसे लोगों पर सुरक्षा एजेंसियां नजर रखें। कोशिश यह की जाए ऐसे लोग दोबारा पनपने पाएं, इसके पहले इनका खात्मा कर दिया जाए। इसके लिए चौकीदारों से लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहें।

# ईरान का फारस की खाड़ी में अमेरिकी जहाज पर हमला

एजेंसी



**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 13वां दिन हैं। ईरान ने बुधवार रात फारस की खाड़ी में सेफसी विष्णु नाम के एक अमेरिकी तेल टैंकर (जहाज) पर हमला किया। इसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक हमले में आत्मघाती नाव (सुसाइड बोट) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। ये जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। फिलहाल मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि जंग खत्म करने के लिए तीन शर्तें जरूरी हैं 1. ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता दी जाए, 2. युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाए, 3. भविष्य में हमला न होने की अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिले। अमेरिकी नाव पर ईरान का हमला, एक भारतीय की मौत : ईरान की तरफ से किए गए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। यह हमला इराक के समुद्री इलाके में एक तेल टैंकर पर हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सेफसी विष्णु नाम के तेल टैंकर पर हमला किया गया। यह जहाज अमेरिका की कंपनी का है और मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। हमला खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास हुआ।

रिपोर्ट के मुताबिक हमले में आत्मघाती नाव (सुसाइड बोट) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। उन्हें बाद में बसरा शहर ले जाया गया। फिलहाल मारे गए भारतीय नागरिक का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच 12 दिनों से जंग जारी है। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए हैं। इसके बावजूद ईरान दावा कर रहा है कि वह लंबे समय तक जंग लड़ सकता है। अल जजीरा के मुताबिक इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई है, जिसमें सेना का कमान किसी के पास नहीं बल्कि 7 छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दी गई है। इसके अलावा हर पद के लिए 4 संभावित उत्तराधिकारी पहले से तय कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरानी समकक्ष अब्दुल्ला अब्बास अराघची के बीच हुई बातचीत के बाद ईरान ने होर्मुज जलसंधि से दो भारतीय तेल टैंकरों (पुष्पक और परिमल) के गुजरने की अनुमति दी है। कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आज सुबह दक्षिणी इलाके में एक दुश्मन ड्रोन ने आवासीय भवन को निशाना बनाया।

## सफेद जहर का तांडव रसोई तक पहुंचा मौत का दूध, 12 लोगों की मौत

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में जो हुआ, वह किसी दु:स्वप्न से कम नहीं है—जहाँ सुबह की चाय और बच्चों का दूध 'धीमा जहर' बनकर घरों में दाखिल हुआ। वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से निकले उस मिलावटी दूध ने देखते ही देखते 12 घरों के चिराग बुझा दिए। यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक नृशंस सामूहिक हत्याकांड जैसा है, जहाँ मुनाफे के लालच में दूध में घातक रसायन मिला दिए गए। अस्पताल के वार्डों में तड़पते बुजुर्ग, पेशाब रुकने से फूलते शरीर और उल्टियों के बीच अपनी आखिरी सांसें गिनते मासूमों ने पूरे राज्य को दहशत में डाल दिया है। क्या अब हम अपने बच्चों को दूध पिलाने से पहले सौ बार नहीं सोचेंगे? इस खौफनाक कांड ने साबित कर दिया है कि हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज 12 मौतें हुई हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस वक्त कितने और घरों में यह 'सफेद मौत' खौल रही है? पूरा इलाका किसी श्मशान जैसी शांति और गहरे तनाव की चपेट में है, जहाँ हर दरवाजा खटखटाने वाला दूधवाला अब एक कातिल की तरह नजर आ रहा है।

## मार्च में ही तपने लगा राजस्थान, पारा 40 पार ; अब मौसम बदलेगा मिजाज

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में मार्च का महीना इस बार मई-जून जैसी गर्मी का अहसास कराने लगा है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने हीटवेव को देखते हुए विशेष गाइडलाइन भी जारी की है और लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। वहीं दूसरी ओर आने वाले दिनों में मौसम के मिजाज में बदलाव की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के कुछ हिस्सों में आंधी और हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है। आमतौर पर राजस्थान में अप्रैल के बाद गर्मी अपने तेवर दिखाती है, लेकिन इस साल मार्च की शुरुआत से ही तापमान तेजी से बढ़ गया है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से कई डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के जिलों—जैसे बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और आसपास के क्षेत्रों—में गर्म हवाएं चलने से लू जैसी स्थिति बन गई है। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 4 से 9 डिग्री तक ज्यादा दर्ज किया गया है। राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# चीन में नए कानून पर मंथन, एक राष्ट्र-एक पहचान की तैयारी में ड्रैगन

एजेंसी



**बीजिंग।** चीन सरकार एक व्यापक जातीय एकता कानून लाने की तैयारी में है, जिसे लेकर आलोचकों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों को और कमजोर कर सकता है और उन्हें मुख्यधारा में जबरन समाहित करने की नीति को मजबूत करेगा। कानून का उद्देश्य और प्रावधान यह कानून देश की संसद द्वारा गुरुवार को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके तहत सभी जातीय समूहों के बीच समुदाय की मजबूत भावना को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय जन कांग्रेस के प्रतिनिधि लू किनजियान ने कहा कि यह कानून चीनी राष्ट्र के भीतर सभी जातीय समूहों के बीच एकता को बढ़ावा देगा। प्रस्तावित कानून के अनुसार, सभी सरकारी निकायों और निजी उद्यमों को जातीय एकता को बढ़ावा देना होगा। इसमें स्थानीय सरकारें और अखिल-चीन महिला महासंघ जैसे राज्य-संबद्ध समूह भी शामिल हैं। कानून में कहा गया है कि देश के प्रत्येक जातीय समूह के लोग, सभी संगठन, सशस्त्र बल, हर पार्टी, सामाजिक संगठन और हर कंपनी को कानून और संविधान के अनुसार चीनी राष्ट्र की एक साझा चेतना बनानी होगी और इस चेतना के निर्माण की जिम्मेदारी लेनी होगी। अकादमिकों और पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह नया प्रावधान जातीय अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए एक झटका है, क्योंकि यह अनिवार्य शिक्षा में मंदारिन चीनी के उपयोग को अनिवार्य बनाता है। चीन की अधिकांश आबादी हान चीनी है और आधिकारिक भाषा मंदारिन है। देश में 55 जातीय समूह हैं, जो कुल आबादी का 8.9 प्रतिशत हैं। संविधान के अनुसार, प्रत्येक जातीय समूह को अपनी भाषा का उपयोग करने और उसे विकसित करने का अधिकार है और स्व-शासन का अधिकार है। क्षेत्रीय जातीय स्वायत्तता कानून इन समूहों को सीमित स्वायत्तता का वादा करता है, जिसमें अर्थव्यवस्था विकसित करने के लिए लचीले उपाय शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि व्यवहार में नया कानून इन प्रावधानों पर हावी होगा। ऑस्ट्रेलिया के ला ट्रोब विश्वविद्यालय में चीन की जातीय अल्पसंख्यक नीतियों पर अध्ययन करने वाले प्रोफेसर जेम्स लिबोल्ड ने कहा कि यह कानून पार्टी के सार्थक स्वायत्तता के मूल वादे को समाप्त कर देगा। उन्होंने इस उपाय को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जातीय नीतियों में बड़े पुनर्मूल्यांकनइ का एक प्रमुख हिस्सा बताया।

# दिल्ली मेट्रो की महिला कर्मचारियों को दी गई आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए दिल्ली पुलिस ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की महिला कर्मचारियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शास्त्री पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें करीब 100 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों को व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकों की जानकारी देना और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था, ताकि वे किसी भी आपात या कठिन परिस्थिति में खुद की सुरक्षा कर सकें। कार्यक्रम का उद्घाटन एसीपी सेल्फ डिफेंस लक्ष्मी दुबे और डीएमआरसी की जनरल मैनेजर (एचआर) जय शर्मा ने किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण सत्र का संचालन स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमन एंड चिल्ड्रन की ओर से किया गया। प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने महिला कर्मचारियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों, परिस्थितिजन्य जागरूकता, सुरक्षा के निवारक उपायों और आपात स्थिति में बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया कि किसी हमले या खतरे की स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। डीसीपी अंजिता चेप्याला ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और डीएमआरसी के बीच इस तरह का सहयोग महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सार्वजनिक तथा कार्यस्थल के माहौल में आत्मविश्वास के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है।

# बुमराह के ऑफ कटर से गच्चा खा रहे मॉडर्न बैटर




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट को हमेशा से बल्लेबाजों का गेम माना जाता है, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में तेज गेंदबाजों ने 'स्लोअर गेंदों' (पेस-ऑफ) के जरिए जोरदार वापसी की। इस पूरे टूर्नामेंट में तेज गेंदबाजों द्वारा फेंकी गई कुल गेंदों में स्लोअर का प्रतिशत 15.88 प्रतिशत रहा, यानी लगभग हर छठी गेंद गति कम करके फेंकी गई। यह पिछले चार संस्करणों में सबसे ज्यादा है। आधुनिक क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के पास लेग-कटर, नकल-बॉल और स्प्लिट-फिंगर जैसी कई नई और जटिल स्लोअर गेंदें मौजूद हैं। लेकिन, इन तमाम वेरिएशंस के बीच गेंदबाजों का सबसे मारक हथियार बनी एक पुरानी और बेसिक गेंद-'ऑफ-कटर'। विकेट निकालने के लिए गेंदबाजों ने स्लोअर गेंदों की वैरायटी में से इसी साधारण गेंद पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया।

ऑफ-कटर का असर मैदान के आकार पर भी निर्भर करता है। छोटी बाउंड्री वाले मैदानों पर बल्लेबाजों के पास मिस-हिट के बावजूद रन बटोरने की गुंजाइश ज्यादा होती है। इसलिए चेन्नई के चेपक व कोलकाता के ईडन गार्डन्स जैसे मैदानों पर यह वैरिएशन काफी हद तक बेअसर साबित हुआ।लेकिन, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की काली मिट्टी और बड़े आउटफील्ड ने इसे सबसे घातक बना दिया। वहां की 'ग्रिपी' पिच पर गेंद रुक कर आई। इस मैदान पर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 विकेट ऑफ-कटर से मिले और इकोनॉमी रेट भी सिर्फ 8.25 रहा।साउथ अफ्रीका ने अपने 8 में से 5 मैच अहमदाबाद की उसी काली मिट्टी वाली पिच पर खेले, जहां स्लोअर गेंदें सबसे ज्यादा ग्रिप कर रही थीं। यही उनके पेस अटैक के हावी होने का सबसे बड़ा कारण बना।बुमराह के पास सिर्फ एक यही वैरिएशन, लेकिन इसमें वे सर्वश्रेष्ठ बुमराह के पास स्लोअर के नाम पर सिर्फ ऑफ-कटर है, लेकिन वे इस परफेक्शन से फेंकते हैं कि बैटर धोखा खा जाता है। वे ग्रिप, एक्शन या आर्म-स्पीड बदले बिना सिर्फ कलाई के एक तेज झटके (स्नैप) से यह गेंद फेंकते हैं। उनकी इस गेंद की तुलना मुरलीधरन की 'ऑफ-ब्रेक' से की जा सकती है। तेज गेंदबाज होने के बावजूद वे करीब 115-120 किमी/घंटा की रफ्तार वाली इस गेंद को स्पिनर जैसे जबरदस्त टर्न, ग्रिप, 'डिप' (उछाल में कमी) कराते हैं।

बुमराह इसे किस एंगल से फेंकते हैं, वह इसे और भी घातक बनाता है। उन्होंने अपनी 76.7 प्रतिशत ऑफ-कटर क्रीज के वाइड एंगल (ओवर द विकेट) से फेंकी। जेसन होल्डर को छोड़कर किसी ने यह एंगल इतना इस्तेमाल नहीं किया। बुमराह का कंट्रोल इतना गजब का है कि वे शॉर्ट या बैक-ऑफ-लेंथ ऑफ-कटर से बैटर को फंसाते हैं, तो एकदम सटीक यॉर्कर लेंथ वाली कटर से स्टंप्स उखाड़ देते हैं। बुमराह ने सेमीफाइनल में ब्रूक और फाइनल में रचिन को स्पैल की पहली ही गेंद (ऑफ-कटर) पर आउट किया। बैटर को लगता है कि उनका तेज रन-अप और एक्शन उन्हें तेज गेंद खेलने के लिए मजबूर करेगा, लेकिन बुमराह पहली ही गेंद पर उनकी टाइमिंग बिगाड़ देते हैं।

## हार्दिक के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

### वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है। वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है। बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी उन्हें दे दी।

# शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

● द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा ● 19 वर्ल्डकप जिताने वाले म्हात्रे भी होंगे सम्मानित

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। मीडिया के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा।

इसके अलावा, आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। राहुल द्रविड़ के अलावा मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियन बयान नहीं आया है।



● **गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर**- साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

● **द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया**-द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 भी जीता।


## पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच

### ● बोले- वर्ल्डकप टीम से बाहर होने का दुख छोटा लगा, मैं फिनिशर बनने को तैयार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी।

जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था।

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की।



● **वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरे पिता को मेरी जरूरत थी**- वर्ल्ड कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा,जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी। उसके बाद मेरे मन में टीम से बाहर होने का कोई दुख नहीं रहा।

जितेश का कहना है कि क्रिकेट ने उन्हें इस दुख के साथ आगे बढ़ना सिखाया है। उन्होंने कहा,अगर मेरे पिता आज जिंदा होते तो वह मुझे यही कहते कि जाओ और अभ्यास करो, मेरे बारे में चिंता मत करो। इसलिए जब भी मैं दुखी होता हूं, यही सोचता हूं कि वह मुझे खेलने और आगे बढ़ने की सलाह देते। जितेश ने अपने साथी खिलाड़ी रिंकू सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि निजी मुश्किलों के बाद मैदान पर लौटना बहुत बड़ी बात होती है। जितेश ने बताया कि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ रहते हुए उन्हें विराट कोहली को करीब से देखने का मौका मिलता है, जिससे उन्हें काफी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कोहली की तैयारी,अनुशासन और ऊर्जा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सिर्फ छोटी-छोटी चीजें देखकर भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। जिस तरह विराट अपना दिन शुरू करते हैं और तैयारी करते हैं, वह बहुत प्रेरणादायक है। हालांकि 32 साल की उम्र में भी मैं उनकी ऊर्जा की बराबरी नहीं कर सकता।

### परिवार के सामने कमजोर नहीं हो सकता

पिता के जाने के बाद जितेश अब अपने परिवार में सबसे बड़े बेटे की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा,जब आप अपने पिता को खो देते हैं, तब आपको समझ आता है कि अब परिवार के फैसले लेने की जिम्मेदारी आपकी है। मुझे अपनी मां और भाई का ख्याल रखना है। मैं उनके सामने अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं कर सकता और न ही कमजोर दिख सकता हूं, क्योंकि जब मैं क्रिकेट खेलता हूं तो वे मुझे ही देख रहे होते हैं।

# आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच, विक्ट्री परेड में यहीं मची थी भगदड़




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे। एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी।

**16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे**- आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ गुवाहाटी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली सीएसके में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

**दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा**- आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल 5 राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। देश के 5 राज्यों में चुनाव के कारण आईपीएल के ओपनिंग मैच को 2 दिन बढ़ाया गया है। पहले लीग की शुरुआत 26 मार्च को होनी थी, लेकिन अब लीग 28 मार्च को होगी। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां आईपीएल के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

**आरसीबी ने जीता था पिछले सीजन का खिताब**

बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) डिफेंडिंग चैंपियन है, इसलिए परंपरा के अनुसार टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, क्वालिफायर-2 और फाइनल मुकाबला उसी के होमग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रखा गया है। आरसीबी ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था।

## क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

### शादी का कार्ड राधा-कृष्ण थीम पर, सुनहरी नक्काशी में दिखी रजवाड़े जैसी झलक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी। इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं। खाने की एक प्लेट की कीमत करीब 20 हजार रुपये है। कार्ड का बेस हल्के गुलाबी (पीच) रंग का है। इस पर बेहद बारीक फ्लोरल (फूल-पत्तियों) पैटर्न छपा है। कार्ड पर गोल्ड फॉयल वर्क (सुनहरी नक्काशी) है। किनारों पर महल के गुंबदों और आकृतियों को उभारने के लिए सुनहरे रंग का इस्तेमाल किया है, जो इसे एक उ‌ष्ठ और विंटेज लुक देता है। कार्ड के ऊपरी हिस्से पर एक शानदार गोल्डन लॉक (बकल) है, जिसके ऊपर गुलाबी फूलों की डिजाइन बनी है। कार्ड के बीचों-बीच एक बेहद आकर्षक चित्र उकेरा है। इसमें एक शाही महल के झरोखे के सामने एक जोड़े को खड़े दर्शाया है। लाल और हरे रंग के पारंपरिक शाही लिबास में सजे इस जोड़े की झलक राधा-कृष्ण जैसी लग रही है। बैकग्राउंड में महल की जालीदार खिड़कियां और गुंबद हैं। वहीं, कार्ड के निचले हिस्से में प्रकृति का सुंदर चित्रण है- तालाब में खिले कमल के फूल और फव्वारे के पास बैठा एक मोर दिखाया गया है।



## द हंड्रेड-पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लगा झटका, ऑक्शन में नहीं मिला खरीदार




**लाहौर (एजेंसी)।** इंग्लैंड की लोकप्रिय 100 गेंदों की लीग द हंड्रेड के 2026 सीजन के लिए हुए विमेन्स ऑक्शन में पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों को निराशा हाथ लगी। ऑक्शन में शामिल चारों पाकिस्तानी खिलाड़ी अनसोल्ड रह गईं और किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल नहीं किया। इस सूची में फतीमा सना, सादिया इकबाल, मुनवा अली,डीना बेग जैसे खिलाड़ी शामिल थीं, जिन्होंने 15,000 पाउंड के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन के लिए अपना नाम दर्ज कराया था।

### शॉर्टलिस्ट के बाद भी नहीं मिली टीम

ऑक्शन प्रक्रिया में चार में से दो खिलाड़ियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शीर्ष रैंक वाली गेंदबाज सादिया इकबाल फाइनल लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि, अंतिम बोली प्रक्रिया के दौरान किसी भी फ्रेंचाइजी ने इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर बोली नहीं लगाई। इस वजह से दोनों खिलाड़ी भी अनसोल्ड रह गईं और आगामी सीजन में द हंड्रेड का हिस्सा नहीं बन सकेंगी। ऑक्शन से पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि कुछ फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन करने से बच सकती हैं। इन रिपोर्ट्स के बाद क्रिकेट जगत में काफी चर्चा शुरू हो गई थी। यह मुद्दा तब और बड़ा हो गया जब इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान हैरी ब्रूक सहित कई लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी। इसके बाद इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और टूर्नामेंट की फ्रेंचाइजियों ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के चयन में राष्ट्रीयता कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि चयन केवल प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर किया जाता है।

# भविष्य में सैमसन को बनाया जा सकता है भारतीय टी20 टीम का कप्तान : कैफ

एजेंसी

**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम के टी20 विश्व कप 2026 जीतने के बाद अब सवाल उठाता है कि उनके बाद किसे कप्तानी दी जानी चाहिये। इसी को लेकर पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भविष्य में कप्तानी दी जा सकती है क्योंकि उन्हें घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। कैफ के अनुसार सैमसन के पास वह अनुभव और मानसिक ठहराव है, जो किस कप्तान के पास होना जरुरी है। उन्होंने कहा, संजू ही कप्तान बन सकते हैं उसमें सभी योग्याताएं हैं। मेरा मानना है कि कप्तान वही अच्छा होता है जिसने दुनिया देखी हुई है। कैफ के अनुसार, किसी नए खिलाड़ी को सीधे कप्तानी सौंपना नुकसानदे हो सकता है, क्योंकि उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठिन हालातों का सामना नहीं किया होता है। कप्तानी के लिए कैफ ने आईपीएल के अनुभव को अहम बताया है। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने से पहले खिलाड़ी को आईपीएल जैसे बड़े मंच पर अपने को एक लीडर के रूप में साबित करना चाहिए। सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स टीम की ओर से ऐसा किया है। उन्होंने कहा, कप्तान उसी को बनना चाहिए जिसने ट्रॉफी जिताई हो जिसने कप्तानी पहले करी हो जिसने आईपीएल में 100 150 मैच खेले हो। कैफ ने कहा कि संजू राजस्थान रॉयल्स को कप्तानी करते हुए फाइनल तक ले गये। । इस लंबे अनुभव की वजह से उन्हें मैदान पर गेंदबाजी बदलाव करने और दबाव के क्षणों में किसी प्रकार सही फैसले लेते हैं ये पता है। कैफ ने सैमसन की तुलना वर्तमान और पूर्व कप्तानों से करते हुए परिपक्वता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा भी 30-32 साल की उम्र में भारतीय टीम के कप्तान बने थे, जब वे आईपीएल में पांच ट्रॉफियां जीतकर एक परिपक्व कप्तान बन गये थे। वहीं वर्तमान कप्तान सूर्यकुमार की प्रशंसा करते हुए कैफ ने उन्हें आईपीएल से परिपक्व हुआ क्रिकेटर बताया। उनका मानना है कि यदि भविष्य में सूर्या कप्तानी छोड़ते हैं, तो संजू सबसे उपयुक्त विकल्प होंगे। कैफ ने संजू की उम्र और फिटनेस को उनके पक्ष में बताया। संजू अभी 31 साल के हैं और कैफ के अनुसार, टी20 जैसे छोटे फॉर्मेट में अनुभव अधिक बहुत मायने रखता है। उन्होंने सैमसन के भविष्य को लेकर उम्मीद जताते हुए कहा, अगर फिटनेस बना के रखी है फॉर्म चलता रहा तो वह भारत के अगले कप्तान हो सकते हैं।



## आरबीआई का नया नियम

### बैंक मुनाफे का अधिकतम 75 प्रतिशत ही दे सकेंगे डिविडेंड

**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए डिविडेंड (लाभांश) देने से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब बैंक अपने शेयरधारकों को अपने मुनाफे का अधिकतम 75 प्रतिशत तक ही डिविडेंड के रूप में दे सकेंगे। यह नया फ्रेमवर्क वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होगा और नवंबर 2025 में जारी पुराने दिशानिर्देशों की जगह लेगा। ये नियम कमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेमेंट बैंक, लोकल एरिया बैंक और रीजनल रूरल बैंक सभी पर लागू होंगे। आरबीआई के




नए नियम के मुताबिक, किसी भी बैंक का डिविडेंड पेआउट रेशियो उसके प्रॉफिट आफ्टर टैक्स का 75 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। भले ही बैंक पूंजी पर्याप्तता के आधार पर ज्यादा भुगतान करने के योग्य हों, फिर भी कुल भुगतान 75 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही रहेगा। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक बैंक जो डिविडेंड देंगे, उसमें नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स को भी शामिल किया गया है। वहीं डिविडेंड तय करने के लिए नया कॉन्सेप्ट लागू किया है।

## 5 बार बोनस शेयर का तोहफा

### महारत्न कंपनी ने 1 लाख रुपये के बना दिए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी बीपीसीएल के शेयरों ने 20 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। बीपीसीएल ने



20 साल में अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर बांटे हैं। महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शेयर पिछले कुछ समय से दबाव में हैं। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयर पिछले एक महीने में 15 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। बीपीसीएल के शेयर मंगलवार 10 मार्च को क्र्स्श्च में गिरावट के साथ 325.85 रुपये पर बंद हुए हैं। बीपीसीएल के शेयर अभी तो दबाव में हैं, लेकिन कंपनी के शेयरों ने 20 साल पहले दांव लगाने वाले लॉन्ग टर्म निवेशकों को मालामाल कर दिया है। बीपीसीएल के शेयरों ने 20 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। महारत्न कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। बीपीसीएल ने पिछले 20 साल की अवधि में अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर बांटे हैं। वहीं, कंपनी ने साल 2000 से लेकर अब तक अपने निवेशकों को 5 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है। शेयर 17 मार्च 2006 को 34.32 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 17 मार्च 2006 को भारत पेट्रोलियम के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे कंपनी के 2913 शेयर मिलते। बीपीसीएलने साल 2006 से लेकर अब तक अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर दिए हैं। अगर इन बोनस शेयरों को जोड़ दें तो 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की कुल संख्या बढ़कर 34,956 पहुंच जाती है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। सोना आज 850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसके विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,320 रुपये से लेकर 1,63,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,49,710 रुपये से लेकर 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु



आज दिल्ली सराफा बाजार में 2,89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,63,470 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,49,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ऑडी इंडिया एक अप्रैल से वाहनों की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार विनिमार्ता कंपनी ऑडी ने गुरुवार को अपने वाहनों की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह भारत में अपने वाहनों की कीमतें एक अप्रैल से बढ़ाएगी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि हाल में कच्चे माल की लागत बढ़ने और रुपये में उतार-चढ़ाव के कारण हम 1 अप्रैल से कीमतों में अधिकतम दो फीसदी तक समायोजन कर रहे हैं। ढिल्लों ने बताया कि हम अपने ग्राहकों पर इस बढ़ोतरी का असर कम से कम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी के मुताबिक कीमतों में ये बढ़ोतरी हर मॉडल पर लागू होगी। यह विभिन्न मॉडल की ह्यएक्स-शोरूमह्न कीमतों में अधिकतम दो फीसदी तक वृद्धि की जाएगी। ऑडी इंडिया भारत में वर्तमान में लग्जरी कार और एसयूवी की एक श्रृंखला बेचती है, जिनमें ऑडी क्यू3 से लेकर ऑडी आरएसक्यू8 तक के मॉडल शामिल हैं। इनकी कीमतें लगभग 43.23 लाख रुपये से 2.34 करोड़ रुपये के बीच हैं।

# फॉक्सवैगन के प्रॉफिट में आई गिरावट अब 50 हजार लोगों की नौकरी जाएगी

**कंपनी का रेवेन्यू भी तेजी से घट रहा**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएस-इजराइल-ईरान युद्ध का असर दुनियाभर का बाजारों में दिखाई दे रहा है। साथ ही, कई देशों को यूएस टैरिफ का सामना भी करना पड़ रहा है। अब, ऑटोमोबाइल सेक्टर की बड़ी कंपनियों में शामिल फॉक्सवैगन ने बताया कि वो 2030 तक जर्मनी में 50,000 नौकरियां कम करेगी। इसके पीछे की वजह उसका प्रॉफिट लगभग एक दशक में सबसे कम हो गया है। यह फैसला ऐसे वक्त में आ रहा है जब 10-ब्रांड वाला यह ग्रुप चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ी बनाने वालों से बढ़ते कॉम्पिटिशन, बढ़ती प्रोडक्शन कॉस्ट और यूएस टैरिफ के असर से जूझ रहा है। इन सभी ने मिलकर कंपनी की कमाई पर असर डाला है। न्यूज एजेंसी स्नक्की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रुप ने 2024 के आखिर में यूनियनों के साथ एक डील की थी कि वह 2030 तक अपने कोर ब्रांड में 35,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देगा, जो सालाना 15 बिलियन यूरो बचाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। ष्टश्वह्र ब्लूम ने कहा कि ये और कटौती सिर्फ कोर फॉक्सवैगन ब्रांड तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि इससे इसके प्रीमियम ब्रांड ऑडी और पोर्श के वर्कर्स के साथ-साथ ग्रुप की सॉफ्टवेयर सब्सिडियरी कैरियड पर भी असर पड़ेगा। फॉक्सवैगन ने 2025 के लिए 8.9 बिलियन यूरो (.10.4 बिलियन) का ऑपरेटिंग प्रॉफिट बताया, जो पिछले साल से 53 प्रतिशत ज्यादा है। कंसेंसस डेटा के मुताबिक, यह आंकड़ा एनालिस्ट्स की 9.4 बिलियन यूरो की उम्मीदों से भी कम रहा। कार बनाने वाली कंपनी का पूरे साल का रेवेन्यू लगभग 322 बिलियन यूरो रहा, जबकि 2024 में यह 324.7 बिलियन यूरो था और 2026 में कंपनी की सेल्स ग्रोथ का अनुमान काफी कम है। फॉक्सवैगन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इस साल रेवेन्यू 0 प्रतिशत से 3 प्रतिशत के बीच रहेगा, जो एनालिस्ट्स की उम्मीदों से कम है। सीएनबीसी के मुताबिक, फॉक्सवैगन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अर्नो एंटलिट्ज़ ने 2025 को बहुत



मुश्किल साल बताया, लेकिन इन्वेस्टर्स को भरोसा दिलाया कि कंपनी यूरोप में अच्छी स्थिति में बनी हुई है। मंगलवार सुबह फॉक्सवैगन के शेयर लगभग 4 प्रतिशत बढ़ गए। इस साल अब तक स्टॉक में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। इस बात के भी कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनो में यूएस-इजराइल-ईरान युद्ध के असर के चलते कई कंपनियों के रेवेन्यू पर असर होगा। यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के एडमिनिस्ट्रेशन के 2025 में नॉन-अमेरिकन कार बनाने वाली कंपनियों पर टैरिफ लगाने से पहले ही, फॉक्सवैगन यूरोप में धीमी डिमांड, कम डिमांड के बावजूद इन्वेस्ट करने की ज्यादा लागत और चीन में सेल्स में तेजी से गिरावट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही थी। जर्मनी में हेडक्वार्टर वाली फॉक्सवैगन लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े ऑटो मार्केट, चीन में एक बड़ी कंपनी रही है। हालांकि, कार बनाने वाली कंपनी को अब लोकल कॉम्पिटिटर्स से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इसकी सेल्स और गीली जैसे दूसरे ब्रांड्स से पीछे रह गई है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लूम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीनी कार ब्रांड्स जो अपने देश में चल रही जबरदस्त प्राइस वॉर से बाहर निकलने के लिए यूरोपियन मार्केट का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे हैं, इससे फॉक्सवैगन पर दबाव और बढ़ेगा।

## 5.86 करोड़ के पैकेज पर छोड़ी थी नौकरी

# बीएचयू से पढ़ाई, छोड़ दी 5 करोड़ की नौकरी आज 68,000 करोड़ वाले बैंक के बॉस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केवीएस मणियन बैंकिंग जगत में जाना-माना नाम हैं। वह फेडरल बैंक के एमडी और सीईओ हैं। सितंबर 2024 में उन्होंने इस बैंक की कमान संभाली थी। इस बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एम-कैप) करीब 68,000 करोड़ रुपये है। कोटक महिंद्रा बैंक में 25 साल से ज्यादा समय बिताने के बाद वह फेडरल बैंक से जुड़े थे। जब मणियन ने कोटक महिंद्रा बैंक छोड़ा था तब उनका पैकेज करीब 5.86 करोड़ रुपये था। उन्होंने कोटक बैंक को पावरहाउस बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। केरल के पलक्कड़ से ताल्लुक रखने वाले मणियन आईआईटी-बीएचयू के पढ़े हैं। आइए, यहां केवीएस मणियन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान केवीएस मणियन ने इसे एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी से भारत के प्रमुख प्राइवेट-सेक्टर बैंकों में से एक बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में कॉर्पोरेट, इंस्टीट्यूशनल और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के साथ वेल्थ मैनेजमेंट डिवीजन भी शामिल थे।



इससे उन्हें मजबूत ग्रोथ और प्रॉफिटेबिलिटी हासिल करने में मदद मिली। टेक्नोलॉजी में तरक्की पर उनके जोर ने कोटक की ट्रांजैक्शन बैंकिंग क्षमताओं को काफी बढ़ाया। मणियन की लीडरशिप में कोटक महिंद्रा बैंक के कॉर्पोरेट साइज और प्रॉफिटेबिलिटी में जोरदार बढ़ोतरी हुई। इससे इंडस्ट्री में एक लीडर के तौर पर उसकी जगह मजबूत हुई। साथ ही, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस फले-फूले और मार्केट में उनका दबदबा बना रहा। रिटेल बैंकिंग में कंज्यूमर बैंकिंग के प्रेसिडेंट के तौर पर केवीएस मणियन के कार्यकाल में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यह एक दशक के अंदर एक ब्रांच से बढ़कर देश भर में 600 से ज्यादा ब्रांच और 1,000ञ्जरू तक पहुंच गई। उन्होंने कोटक के रिटेल लायबिलिटी बिजनेस की स्थापना को लीड किया। पूरे कंज्यूमर बैंकिंग डिवीजन को सफलतापूर्वक मैनेज किया। इससे रिटेल बैंकिंग सेक्टर में कोटक महिंद्रा बैंक की एक मजबूत कंपनी के तौर पर पहचान पक्की हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर में उनका पैकेज 5.86 करोड़ रुपये था। उसी साल सितंबर में वह फेडरल बैंक से जुड़ गए। उन्होंने श्याम श्रीनिवासन की जगह ली।

# पाई नेटवर्क क्रिप्टो का ताबड़तोड़ रिटर्न जारी, पैसों की बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव बना हुआ है। क्रिप्टो मार्केट कैप कभी कुछ बढ़ता है तो अगले ही पल उसमें गिरावट आ जाती है। बिटकॉइन समेत कई क्रिप्टोकरेंसी ऐसी हैं जो निवेशकों को बहुत अच्छा रिटर्न नहीं दे रही हैं। इसके उलट पाई नेटवर्क कॉइन निवेशकों पर पैसों की बारिश कर रहा है। बुधवार सुबह 10:30 बजे क्रिप्टो मार्केट कैप पिछले 24 घंटे में करीब 0.16 फीसदी बढ़ गया है। इस तेजी के साथ यह 2.39 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। पिछले एक महीने से इसमें रोलरकोस्टर जैसा रिटर्न पैटर्न देखने को मिल रहा है। यानी निवेशकों को किसी दिन समय जितना फायदा होता है, अगले ही पल उसमें करीब उतना ही नुकसान हो रहा है। पिछले कुछ समय से पाई नेटवर्क कॉइन निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहा है। पिछले 24 घंटे में इसमें 7 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है और यह 0.2326 डॉलर पर है। वहीं 7 दिनों में इसमें 35 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। कुछ प्रचलन क्रिप्टो में इसका एक हफ्ते का सबसे ज्यादा रिटर्न रहा है।



वहीं बात एक महीने की करें तो पाई नेटवर्क कॉइन ने करीब 60 फीसदी रिटर्न दिया है। यानी एक महीने पहले अगर आपके पास एक लाख रुपये की कीमत में पाई नेटवर्क कॉइन होते तो उनकी वैल्यू आज करीब 1.60 लाख रुपये होती। यानी एक लाख के निवेश पर 60 हजार रुपये का फायदा हो चुका होता। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टो बिटकॉइन के लिए पिछला कुछ समय अच्छा नहीं रहा है। इसमें लगातार बड़े उतार-चढ़ाव आए हैं। पिछले साल अक्टूबर में यह क्रिप्टो करीब 1.25 लाख डॉलर पर थी। अब यह करीब 70 हजार डॉलर पर है। इस कीमत के करीब यह पिछले काफी समय से बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में इसमें मामूली गिरावट आई है। बुधवार सुबह 10:30 यह क्रिप्टो मामूली गिरावट के साथ करीब 70,125 डॉलर पर थी। पिछले एक हफ्ते में इसमें करीब 3.50 फीसदी की तेजी आई है। वहीं एक महीने में इसमें 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है। यानी इसके मुकाबले पाई नेटवर्क का रिटर्न जबरदस्त रहा है। क्रिप्टोकरेंसी में 24 घंटे कारोबार होता है। ऐसे में इनकी कीमत पल-पल बदलती रहती है। कुछ ही मिनटों में क्रिप्टोकरेंसी की कीमत काफी गिर जाती है और निवेशकों को बड़ा नुकसान हो जाता है। ऐसे में इसमें निवेश करने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर ले लें।

## कच्चे तेल की कीमतें 150-200 डॉलर के पार जाने की आशंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खलीज टाइम्स की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट डराने वाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह क्षेत्रीय तनाव लंबा खिंचा और होर्मुज स्ट्रेट बंद रहा, तो कच्चे तेल की कीमतें 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। खलीज टाइम्स ने एनर्जी एनालिटिक्स फर्म वुड मैकेंजी के विश्लेषण के हवाले से कहा है कि खाड़ी देश कुल मिलाकर 20 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन करते हैं। मौजूदा संघर्ष की वजह से अनुमानित 15 मिलियन बैरल दैनिक निर्यात ग्लोबल मार्केट से बाहर हो गया है। यह एक अभूतपूर्व सप्लाई झटका है, जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल होगा। हाल ही में सोमवार को कच्चा तेल 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया था, हालांकि मंगलवार को यूएई समयानुसार शाम 4 बजे तक यह 90 डॉलर से नीचे आ गिरा और बुधवार को भी यह 87.80 डॉलर तक आ गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अस्थिरता बनी रहेगी और संघर्ष लंबा खिंचने पर कीमतें आसमान छू सकती हैं। वुड मैकेंजी के चेयरमैन और मुख्य विश्लेषक साइमन फ्लॉवर्स ने चेतावनी दी है कि भले ही संघर्ष समाप्त हो जाए, सप्लाई बहाल करना आसान नहीं होगा।

# स्टॉक मार्केट में एल्फिन एग्रो की मामूली प्रीमियम के साथ एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आटा, सूजी, मैदा और पीली सरसों तेल के बिजनेस में लगी कंपनी एल्फिन एग्रो इंडिया के शेयर ने आज स्टॉक मार्केट में सांकेतिक प्रीमियम के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 47 रुपये के भाव पर जारी किए गए। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 30 पैसे यानी 0.64 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 47.30 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 48.05 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन उसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 47.34 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.72 प्रतिशत के मामूली फायदे में थे। एल्फिन एग्रो इंडिया का 25.03 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच मार्च से नौ मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.59 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 53.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3.68 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 5.08 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 3.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 101.45 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 124.71 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 146.44 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 117.72 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है।

इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 7.23 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 7.60 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 12.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़ कर 12.69 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 3.61 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 7.29 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस मामूली गिरावट के साथ 6.73 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक ये 10.71 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2022-23 में 3.11 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 5.82 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 7.54 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक ये 6.68 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा।

# एनसीसी कर दुई दिनक एडीजी/डीडीजी सम्मेलन कर सुभारंभ

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कर अपर महानिदेसकमन (एडीजी) आउर उप महानिदेसकमन (डीडीजी) कर दुई दिनक सम्मेलन 12 मार्च 2026 के नई दिल्ली कर मानेकशॉ सेंटर में सुरु भेलक। सम्मेलन कर उद्घाटन दिवस में रछा सचिव राजेश कुमार सिंह प्रतिभागीमन के संबोधित करलयं। आपन संबोधन में रक्षा सचिव 2047 तक विकसित भारत कर लछ कर अनुरूप राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के रूपांतरित करेक कर महत उपरे जोर देलयं। ऊ देस भइर में चलेक वाला बिभिन्न सामाजिक कार्जकरम आउर जनहितकारी पहल में एनसीसी कर महतपूर्न जोगदान कर भी सराहना करलयं।
रक्षा सचिव सउब राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेसालय कर एडीजी आउर डीडीजी कर संगे बातचीत कर दौरान केंद्र सरकार कर नीति आउर कार्जकरम कर अनुरूप समन्वित प्रयास कर आह्वान करलयं। ऊ कहलयं कि अइसन प्रयास राष्ट्रीय कैडेट कोर कर लछ आउर उद्देस कर प्राप्ति के बेसी प्रभावी आउर सुदृढ़ बनायेक में सहायक सिध होवी। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कर महानिदेसक वीरेंद्र वत्स एनसीसी कर बिस्तार आउर बुनियादी ढांचा आउर रसद सहायता के सुदृढ़ बनायेक ले पिछला बछर सुरू करल गेल बिभिन्न गतिबिधि कर उल्लेख करलयं। सम्मेलन में परसिछ्न कर गुनवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचा कर बिकास आउर ड्रोन आउर साइबर परसिछ्न जैसन उभरत छेतर से जुड़ल प्रमुख मुद्दा उपरे भी बयापक चर्चा करल गेलक।









# आहार-2026 खाद्य आउर आतिथ्य इकोसिस्टयम के एके संगे लानलक

## भारत मंडपम कर कई हॉल में फैलल आहे ई परदरसनी

**राष्ट्रव्यापी 'विशेष सेवा पखवाड़ा' कर समापन भेलक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**नई दिल्ली** आहार-2026 कर 40वां संस्करन नई दिल्ली में खाद्य आउर आतिथ्य इकोसिस्टीम कर हितधारकमन के एके संगे लाइन हे। 10 से 14 मार्च, 2026 तक चलेक वाला पांच-दिनक अंतर्रास्ट्रीय परदरसनी, उत्पादक, निर्यातक, आतिथ्य बेवसाय आउर प्रौद्योगिकी प्रदातामन के नवा अवसर से जुड़ेक आउर तलासेक ले एगो मंच परदान करेला।
पिछला कुछ बछर में, आहार खाद्य आउर आतिथ्य छेतर में एशिया कर अग्रनी बेयापार परदरसनी में से एक कर रूप में उभइर हे। भारत आउर बिदेस कर लगभग 1,800 परदरसकमन कर संगे, ई कार्जकरम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, डेयरी, बेकरी उत्पाद आउर कृसि-उपज संगे उत्पाद कर एगो बिस्तृत श्रृंखला कर परदरसन करेला। भारत मंडपम कर कई हॉल में फैलल ई परदरसनी में उत्पादक, निर्यातक, खरीदार आउर आतिथ्य बेवसाय कर बीच बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) जुड़ाव कर सुबिधा प्रदान करते पारंपरिक स्वाद आउर आधुनिक खाद्य प्रसंस्करन नवाचार दुईयों उपरे परकास डालल जाए हे।
आहार-2026 से उभरेक वाला बिबिध कहानी भारत कर खाद्य प्रसंस्करन छेतर कर बढ़त गतिसीलता के उजागर करेला। छेतरीय स्वाद के बढ़ावा देवेक वाला छोट उद्यमीमन से लेइ के नवा तकनीक आउर मूल्य वर्धित उत्पाद के पेस करेक वाला स्टार्टअप तक, परदरसनी देखायला कि देस भइर कर बेवसाय कैसे नवा अवसर कर खोज करत हे।
उद्यमिमन, उद्योग हितधारक आउर खरीदारमन के एगो छइन कर नीचे लाइन के, आहार जैसन प्लेटफॉर्म भारत कर खाद्य प्रसंस्करन इकोसिस्टकम कर अंदर समरिधि आउर नवाचार के परदरसित करते खाद्य मूल्य श्रृंखला में संबंध के मजबूत करेक में मदइत करेला।










# रेलवे टीसन में साईबर फ्रॉड में डालसा कर जागरुकता कार्जकरम




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे टीसन में साईबर फ्रॉड में 12 मार्च के जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक। ई अवसर में एलएडीसी सहायक स्वीकृति विनाया आउर पीएलवी उपस्थित रहयं। ई कार्जकरम न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यछ झालसा सुजीत नारायण प्रसाद कर निरदेस में आउर सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना कर आदेस में न्यायायुक्त-सह-अध्यछ डालसा रांची अनिल कुमारा मिश्रा-1 कर नेतृत्व में डालसा सचिव राकेश रौशन कर देखरेख में भेलक।
एलएडीसीएस सहायक स्वीकृति विनाया कहलयं कि आइज कर जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन साईबर फॉड से बचेक ले करल जाए हे। साईबर फ्रॉड होवेक से कैसे बचल जाए सकेला? इकर जानकारी सउब के लेवेक जरुरी आहे।
ऊ कहलयं कि साईबर अपराधीमन कर द्वारा साईबर क्राईम कम्प्यूटर कर माध्यम से करल जायेला। बड़-बड़ अदमीमन के ठगल जायेला। आइज कइल झारखंड में ई किसिम कर घटना बढ़ते जात हे।



# स्टेट बार काउंसिल कर मेंबर ले डालल गेलक भोट





**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**देवघर।** स्टेट बार काउंसिल कर मेंबर ले बिफे के चुनाव सम्पन्न भेलक। एहे पांइत में देवघर कोर्ट परिसर में भी मतदातामन में गहमा गहमी देखल गेलक। मौका में सउब अधिवक्तामन पारा-पारी से मतदान करलयं।
देवघर जीपी धनंजय मंडल बतालयं कि आइज स्टेट बार काउंसिल कर मेंबर कर चुनाव सम्पन्न होए जाए हे। गोटा झारखंड में लगभग एक सौ कैंडिडेट ठड़ा होए हयं। इकर में 5 गो महिलामन ले आरछित आहे। 18 गो पुरुस कर चयन होवेक हय। देवघर में भी सांतिपूर्न मतदान भेलक।
बताते चलब कि देवघर कोर्ट से भी पांच गो केंडिडेट हयं, जेकर में बालेश्वर सिंह, नीरज सिन्हा, दिलीप सिंह, कौशिक आउर अमर सिंह सामिल हयं। चुनाव के लेइ के अधिवक्तामन में खासा उत्साह दिसलक। सउब कतारबद्ध होए के पारा पारी से आपन मतदान करते दिसलयं।

## लागल आइग



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

लागल आइग गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा,
सता बइठ तामासा देखे
बइन काना बहिरा गुंगा,
लागल आइग गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा।

सांति कर बात निही
अपन ले मांगे सुबिधा,
छउवा सुतथैं बारूद में
उड़थे चिथड़ा - चिथड़ा,
मखमली हो या रेसमी लुगा।
लागल आइग गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा।
इंसानियत मोइर के राख
कउआ,चील संगे सुगा,
धन दौलत,जर - जमीन
लुटा लुटी चलथे इ जुगा,
आइग लागल गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा।

लागल आइग गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा,
सता बइठ तामासा देखे
बइन काना बहिरा गुंगा,
लागल आइग गोटे दुनिया में
कय जगह धुंगा - धुंगा।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह,
**प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com